**सुविचार**
धीरज होने से दरिद्रता भी शोभा देती है, धुले हुए होने से जीर्ण वस्त्र भी अच्छे लगते हैं।
चाणक्यनीति

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 19 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 153 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com  E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
कृति ने शेयर किया सीता बनने का...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 63,384.58 |
| निफ्टी | : | 18,826.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,645 |
| चांदी | : | 78.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### जम्मू-कश्मीर में 4.1 तीव्रता का भूकंप, कोई नुकसान नहीं

**SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर के कटरा में आज तड़के 3:50 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.1 रही। इसका केंद्र कटरा में 11 किलोमीटर की गहराई पर रहा। इससे पहले लद्दाख के लेह में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पूर्वोत्तर लेह में आए इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.1 रही। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप रात 2 बजकर 16 मिनट पर आया। कटरा और पूर्वोत्तर लेह में आए भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शनिवार शाम को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए। लद्दाख में आए भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.5 रही। इसके 10 मिनट बाद जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आए भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 रही। जम्मू-कश्मीर को भूकंप की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।

### झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक चार जुलाई को

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) की केंद्रीय समिति की बैठक चार जुलाई को हरमू स्थित सोहराय भवन में होगी। बैठक को लेकर झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडे ने रविवार को बताया कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति और सदस्यता अभियान सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जिला अध्यक्ष और जिला सचिव को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

### साक्षी मलिक कांग्रेस के हाथ की कठपुतली : बबीता फोगाट

**NEW DELHI :** कुश्ती खिलाड़ी और भाजपा नेता बबीता फोगाट ने सांसद बृजभूषण के खिलाफ आंदोलनरत पहलवान साक्षी मलिक को कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बताया है। उन्होंने कहा, देश की जनता समझ चुकी है कि आप कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बन चुकी हो। अब समय आ गया है कि आपको आपकी वास्तविक मंशा बता देनी चाहिए क्योंकि अब जनता आपसे सवाल पूछ रही है। कल साक्षी मलिक ने अपने पति के साथ एक वीडियो में दावा किया था कि बबीता और एक अन्य भाजपा नेता ने उन्हें जंतर-मंतर पर आंदोलन के लिए अनुमति दिलाई थी।

**इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप**

## 7 वर्षीय आशाइन ने जीते दो पदक, बढ़ाया मान

**PHOTON NEWS RANCHI :** इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में 7 वर्षीय आशाइन जुरिएल मिंज ने दो पदक लाकर झारखंड का मान बढ़ाया है। आशाइन जुरिएल मिंज ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 7 वर्ष आयु वर्ग के कुमिते में रजत और काता में कांस्य पदक लाकर जीत का परचम लहराया है। आशाइन ने कुमिते में श्रीलंका के खिलाड़ी को सेमी फाइनल राउंड में 6 अंक के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन फाइनल राउंड में आशाइन ने बांग्लादेश के खिलाड़ी से एक अंक के अंतर से हार गयी और रजत पदक जीता। वहीं उसने काता में कांस्य पदक जीता है। विश्व कराटे संघ के तकनीकी आयोग के सदस्य हांशी भरत शर्मा ने आशाइन जुरिएल मिंजको पदक पहनाकर सम्मानित किया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने आशाइन को दो पदक



आशाइन जुरिएल मिंज

जीतने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 7 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता पर दो पदक जीतना बहुत बड़ी बात है। यह झारखंड के खिलाड़ियों की मेहनतों को बयां करता है। कहा कि थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में आशाइन जुरिएल और अक्शज जयसवाल देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। आशाइन जुरिएल, इमा मुख्य कराटे प्रशिक्षण केंद्र संत जोसेफ क्लब रांची की खिलाड़ी है। वह सभी प्रतियोगिताओं में अपना उम्दा प्रदर्शन कर रही है।

# JEE ADVANCED में लोहरदगा के आयुष सिंह बने स्टेट TOPPER

## 99.9 परसेंटाइल, देश में 94वां स्थान

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2023 का रविवार को रिजल्ट जारी कर दिया गया है। लोहरदगा के रहने वाले आयुष सिंह झारखंड टॉपर बने हैं। आयुष एलए गार्डेन हाइस्कूल रांची के छात्र हैं। उन्हें देशभर में 94वां स्थान मिला है। आयुष सिंह ने जेईई एडवांस्ड में बेहतर परिणाम पाने के पहले जेईई मेन में भी अच्छी सफलता हासिल की थी। जेईई मेन में आयुष को 99.99 परसेंटाइल मिले थे। इस परसेंटाइल के बाद उसने जेईई एडवांस्ड पर फोकस किया और इसमें भी बेहतरीन स्थान प्राप्त किया है। आयुष ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल



आयुष सिंह की फाइल फोटो

लोहरदगा से की है। वहीं 11वीं और 12वीं की परीक्षा रांची के एलए गार्डन स्कूल से की है। आयुष के पिता रवि भूषण सिंह हिंडाल्को कंपनी के कर्मचारी हैं। वे लोहरदगा रेलवे साइडिंग स्थित अनलोडिंग स्टेशन में साइडिंग इंचार्ज हैं। आयुष की मां नीलिमा देवी शीला देवी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शिक्षिका हैं। सभी लोहरदगा शहरी क्षेत्र के संजय गांधी पथ के रहने वाले हैं। आयुष शुरू से ही अपनी पढ़ाई को लेकर काफी ज्यादा गंभीर रहा है। आयुष की सफलता से पूरा परिवार काफी खुश है। रांची डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के सात होनहार छात्रों ने जेईई एडवांस की परीक्षा में सफलता के झण्डे गाड़, नया कीर्तिमान स्थापित किया है जिसमें अभिनव श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 4228, निलेश कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 9342 एवं कैटेगरी रैंक 2122, 2966 प्राप्त करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में प्रवेश के द्वार अपनी मेहनत से खोल लिए हैं।

पेज 5 भी देखें

## हैदराबाद के वीसी रेड्डी बने NATIONAL TOPPER



**AGENCY HYDERABAD :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में हैदराबाद जोन के वाविलला चिदविलास रेड्डी ने टॉप किया है। वीसी रेड्डी ने 360 में से 341 अंक लाकर ऑल इंडिया में पहला रैंक हासिल किया है। इसी जोन की नयाकांति नगा भव्या श्री लड़कियों में टॉपर है। एनएन भव्या श्री ने 298 अंक लाकर ऑल इंडिया में 56वां रैंक हासिल किया। आईआईटी गुवाहाटी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, लगभग 1,95,000 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। आईआईटी गुवाहाटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईआईटी-जेईई एडवांस्ड के दोनों पत्रों की परीक्षा में कुल 1,80,372 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिनमें से 43,773 ने क्वालीफाई किया है।


**टॉप 10 टॉपर**

- वी चिदविलास रेड्डी
- रमेश सूर्य थेजा
- ऋषि कालरा
- राघव गोयल
- ए वेंकट शिवराम
- प्रभाव खंडेलवाल
- बी अभिनव चौधरी
- मलय केडिया
- एन बालाजी रेड्डी
- वाई वेंकट मनेंद्र रेड्डी

# राज्य में सूर्य का रौद्र रूप, टूट रहा लोगों का सब्र, गर्मी से राहत के लिए पूजा-पाठ

## हर जिले में पारा 40 डिग्री पार, लोग कर रहे त्राहिमाम

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में भीषण गर्मी के बीच राजधानी रांची में रविवार सुबह हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन मानसून में देरी से लोगों का सब्र भी टूटने लगा है। अब लोग गर्मी से राहत के लिए पूजा कर रहे हैं। झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन परेशान है। भीषण गर्मी में सूर्य भी अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। इससे पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। राज्य में अब कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जिसका तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार न किया हो। रांची सहित कई जिलों में सूरज आग उगल राह है। मौसम ने अपने तेवर तल्ख कर लिए हैं। कई जगहों पर धूप की तीखी तपिश के साथ भीषण लू चल रही है। राजधानी का तापमान 41 डिग्री के करीब बना हुआ है। पिछले चार दिनों से रांची में उच्चतम तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। संताल परगना के गोड्डा जिले का उच्चतम पारा 46 डिग्री के पार हो गया है। डालटेनगंज का तापमान भी 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। जिले में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। पूरे राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है।



### आठवीं तक की कक्षाएं अब 21 तक रहेंगी बंद

**RANCHI :** झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में एक बार फिर स्कूलों के अवकाश संबंधी आदेश को विस्तारित किया है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार की ओर से जारी नए आदेश के अनुसार राज्य में सभी कोटि के विद्यालयों में केजी से कक्षा आठवीं तक की कक्षाएं आगामी 21 जून तक बंद रहेंगे। नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 11:00 बजे तक संचालित की जा सकेंगी। विभागीय आदेश में कहा गया है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अलग से निर्णय लिए जाएंगे। यह तीसरी बार है जब बच्चों की कक्षाएं स्थगित की गई हैं। इससे पूर्व के आदेश में पहले 15 जून तक विद्यालय बंद किए गए। दूसरे आदेश 17 जून तक अवकाश की घोषणा की गई थी। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान लगातार 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है।

### बिपरजॉय से राजस्थान में भारी बारिश, बांध टूटा जीवन अस्त-व्यस्त

**RAJASTHAN :** अरब सागर से उठे चक्रवात बिपरजॉय की तूफानी चाल से राजस्थान के कई जिलों में पिछले 36 घंटों से भारी बारिश हो रही है। इससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, पाली, अजमेर, कोटा सहित कई जिलों में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इन जिलों के कुछ इलाकों में अब तक 10 से लेकर 13 इंच (एक फीट) तक बरसात हो चुकी है। जालोर जिले के सांचौर में सुरावा बांध टूटने से कई इलाके डूब गए हैं। नर्मदा लिफ्ट कैनाल पानी बढ़ने से टूट गई है। अब सबसे ज्यादा खतरा सांचौर शहर पर मंडरा रहा है। शनिवार रात बांध टूटने की जानकारी मिलते ही पूरे शहर को खाली कराने की कोशिश की जा रही है। सांचौर की आबादी 50 हजार है। सांचौर के आसपास

## दिल्ली में गर्लफ्रेंड को लेकर हुए विवाद में छात्र की हत्या

**साउथ कैंपस की घटना, आरोपी की हुई पहचान**

**AGENCY NEW DELHI :** दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस में चाकू से गोदकर एक छात्र की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि लड़की को लेकर हुए विवाद के बाद डीयू के छात्र की निर्मम हत्या की गई है। पुलिस की शुरूआती जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई है। चाकू से सीने पर वार किये जाने की वजह से छात्र की मौत हो गई है। दिल्ली यूनिवर्सिटी में इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद दिल्ली पुलिस की तरफ से कहा गया है कि आरोपी छात्र की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। मृतक छात्र के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। मृतक छात्र के बारे में बताया जा रहा है कि उसका पूरा नाम निखिल चौहान है और उसकी उम्र 19 साल थी। निखिल पश्चिम विहार का रहने वाला था और बीए (ऑनर्स) का छात्र था। वो पॉलिटिकल साइंस का छात्र था। पुलिस को चरक पालिक अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक छात्र को जख्मी हालत में अस्पताल लाया गया है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक, शुरूआत जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई है कि स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के एक छात्र ने चौहान की गर्ल फ्रेंड से करीब एक हफ्ते पहले अभद्र व्यवहार किया था। रविवार को करीब साढ़े बारह बजे आरोपी लड़का और उसके तीन साथी आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर चौहान को मिले थे।

## चाईबासा : IED की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए भाकपा माओवादी नक्सली के लगाए गए आइईडी बम की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल है। घटना के बाद पुलिस को सूचना देर से मिली, इसलिए पुलिस घटनास्थल की ओर रवाना नहीं हो पायी है। सोमवार को पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना होगी। जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित गोईलकेरा थाना अंतर्गत रेला गांव के समीप नक्सलियों के द्वारा पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए आईईडी बम ब्लास्ट होने से एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि पुलिस को ब्लास्ट का पता देर शाम लगा। मृतक गोईलकेरा थाना के अंतर्गत रेला गांव निवासी बिष्णु होनहागा (25) के रूप में कई गई है। बताया जाता है कि मृतक रविवार सुबह जंगल लकड़ी लाने जाने के दौरान नक्सलियों के द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गया और उसके दाहिना पैर आईईडी पर पड़ जाने से उसके पैर का चिथड़े उड़ गए, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाद में ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय गोइलकेरा पुलिस को दी। लेकिन

### दूसरे ट्रायल में वंदे भारत आयी हटिया, रेगुलर सेवा की आस

**RANCHI :** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने दूसरे ट्रायल में रविवार को पटना से हटिया स्टेशन पहुंची। पटना से सुबह 7 बजे खुली यह गाड़ी दोपहर 1:22 बजे रांची स्टेशन आयी। इससे पहले जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना से मेसरा, टाटीसिल्वे स्टेशनों पर रुकते हुए वह यहां तक आयी। रांची स्टेशन पर 5 मिनट के ठहराव के बाद यह 1:35 पर हटिया स्टेशन पहुंची। इसके बाद यहां से वापस पटना जाने को इसका समय दोपहर 3:55 (करीब 4 बजे) बजे तय किया गया था। हटिया से खुलने के बाद रात 10 बजे के करीब इसके पटना वापस लौटने का कार्यक्रम था।

## धनबाद रूट की कई ट्रेनें रद्द, कुछ के मार्ग बदले

**19 से 27 जून तक इंटरलॉकिंग के कारण किया गया बदलाव**

**PHOTON NEWS DHANBAD :** हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस समेत धनबाद होकर राजस्थान, मध्यप्रदेश व गुजरात जानेवाली ट्रेनों के मार्ग अलग-अलग दिनों में बदल जाएंगे। आधारभूत संरचना के विकास कार्य के मद्देनजर जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत महरोई और विजयसोता स्टेशनों पर 19 से 27 जून तक नान इंटरलॉकिंग को लेकर तीन जोड़ी ट्रेनें रद्द व चार जोड़ी को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें :** 21 को अहमदाबाद से खुलने वाली 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू व गढ़वा रोड के रास्ते चलायी जायेगी। 24 को कोलकाता से खुलने वाली 19414 कोलकाता- अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी व कटनी मुड़वारा के रास्ते चलायी जायेगी । 19 व 26 को मदार से खुलने वाली 19608 मदार -कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू व गढ़वा रोड होकर चलेगी। 22 को कोलकाता से खुलने वाली 19607 कोलकाता-मदार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी व कटनी मुड़वारा होकर चलेगी। 19 व 26 को हावड़ा से खुलने वाली 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गढ़वा रोड, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी व कटनी मुड़वारा होकर चलेगी। 21 को भोपाल से खुलने वाली 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू व गढ़वा रोड होकर चलेगी। 18 व 25 को अजमेर से खुलने वाली 18010 अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी मुड़वारा, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू व गढ़वा रोड होकर चलेगी।

**रद्द की गई ट्रेनें**

- 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 21 व 24 जून
- 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 22 व 27 जून
- 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 25 जून
- 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस 26 जून
- 11651 जबलपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस 18 से 27 जून तक
- 11652 सिंगरौली-जबलपुर एक्सप्रेस 19 से 28 जून तक

**मन की बात में बोले पीएम- लोकतंत्र के खिलाफ हुए अपराधों को याद करना जरूरी**

# आपातकाल की यातनाओं की मोदी ने दिलाई याद

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में आपातकाल के दौरान राजनीतिक बंदियों को दी गई यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें लोकतंत्र के खिलाफ हुए इस अपराधों को याद रखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 102वें एपिसोड में कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। ऐसे में हम 25 जून को कभी नहीं भुला सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान अत्याचार किया गया था। इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी मन सिहर उठता है। इन अत्याचारों पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं।



### कच्छ के लोगों ने बिपरजॉय का किया मुकाबला

पीएम मोदी ने योग दिवस, इमरजेंसी, स्पोर्ट्स, 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान और प्रकृति संरक्षण को लेकर बात की। इसके अलावा उन्होंने बिपरजॉय तूफान के दौरान कच्छ के लोगों की हिम्मत की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिपरजॉय ने कच्छ में कितना कुछ तहस-नहस किया, लेकिन जिस हिम्मत और तैयारी के साथ कच्छ के लोगों ने इतने खतरनाक चक्रवात का मुकाबला किया, वह अभूतपूर्व है। पीएम ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का जोर नहीं होता, लेकिन पिछले कुछ सालों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वो आज एक उदाहरण बन रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका है प्रकृति का संरक्षण। उन्होंने कहा कि मानसून के समय में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ये नदी, नहर, सरोवर, ये केवल जल-स्त्रोत ही नहीं होते हैं, बल्कि इनसे, जीवन के रंग और भावनाएं भी जुड़ी होती हैं। इसीलिए आज देश कैच द रेन जैसे अभियानों के जरिए सामूहिक प्रयास कर रहा है।

### पलभर में होगा दुश्मन का खात्मा, तापस ने दिखाई ताकत

**NEW DELHI :** डीआरडीओ और भारतीय नौसेना की टीम ने स्वदेशी तापस ड्रोन की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं का सफल प्रदर्शन किया है। कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किये गए प्रदर्शन में यूएवी ने निर्बाध रूप से 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरी। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान अवधि के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया। तापस ड्रोन केवल सीमाओं पर निगरानी रखने ही नहीं, बल्कि दुश्मनों पर हमला करने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

## पर्यावरण की चिंता विश्व के लिए बड़ी चुनौती : राज्यपाल

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड स्थित केएनजे हाई स्कूल में वन प्रबंधन एवं संरक्षण महासमिति और जोहार भारत फेडरेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है और इसके लिए पूरा विश्व चिंतित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण सूखा, अत्यधिक गर्मी, अनावृष्टि, बेमौसम अतिवृष्टि इत्यादि में वृद्धि हो रही है जिसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित हो



रहे हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन होना, कूड़े-कचड़े और अपशिष्ट पदार्थों का अनियोजित ढंग से फेंका जाना, कल-कारखानों के निर्माण के साथ ही उससे होने वाले प्रदूषण को रोकने के उपाय का अभाव, कीटनाशक पदार्थों का अंधाधुंध प्रयोग, वैज्ञानिक तकनीक का न अपनाना तथा जानकारी का अभाव होना है।

# आदिवासी और मूलवासियों की विरोधी पार्टी है भाजपा : जुबैर अहमद



सदस्यता अभियान के दौरान बोलते जुबैर अहमद व उपस्थित अन्य कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI**

झामुमो तोरपा प्रखण्ड कमेटी की ओर से रविवार को ओकड़ा पंचायत के पंडरा गिरजा टोली में पार्टी के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सद्भावना और शाति स्थापित करते हुए राज्य को विकास के रास्ते ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी और मूलवासियों की विरोधी पार्टी है। यह अंग्रेजों की तरह फूट डालो और राज करो वाली पार्टी है, इसलिए हम सबों को मिलजुल कर झामुमो से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ना है।

साथ ही आनेवाले समय में झामुमो को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दिलानी है। केन्द्रीय सदस्य और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि भारत की पहचान है अनेकता में एकता और भाजपा एकता का घोर विरोधी है। इसलिए बाहर के नेताओं को खूंटी क्षेत्र में बुलाकर अटपटा बयानबाजी करती है और क्षेत्र में अशांति फैलाना चहती है।

## अख्तर हुसैन सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू में हुए शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI**

जनता दल यूनाईटेड (जदयू) का मिलन समारोह रविवार को क्वींस पैलेस बैंक्वेट हाल, सोलंकी चौक हटिया में आयोजित किया गया। मौके पर झारखंड विकास मोर्चा के नेता और हटिया विधानसभा के पूर्व उम्मीदार अख़्तर हुसैन खान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हुए। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उनके साथ मुख्य रूप से अधिवक्ता मो. फैज, ब्रजेश पासवान, वसीम खान, शाहीद वारसी, हाफि ज इरशाद, अजीम खान, हफि जूल इस्लाम एवं अन्य शामिल थे।



जदयू में शामिल अख्तर हुसैन का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर अख़्तर हुसैन खान के जदयू में शामिल होने पर खीरू महतो ने कहा कि उनका एवं उनके सदस्यों का पार्टी में स्वागत है। पार्टी के नेता के रूप में वह अल्पसंख्यक समाज का उत्थान का काम करेंगे। उन्होंने पुनः दोहराया की झारखंड में जदयू को नंबर एक पार्टी बनाएंगे। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता सभी जिलों में संगठन मजबूत करने में जुटे है।

जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अख़्तर हुसैन खान ने कहा की नीतीश कुमार देश में अकिलियतों के सबसे बड़े हिमायती है। कई वर्षों तक भाजपा के साथ रहने की बावजूद उन्होंने अकिलियतों की हित की हिफाजत की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार महज नाम नहीं एक विचार है।

## उनके ट्वीट पर दाहू यादव को पकड़ने के लिए होती है मॉक ड्रिल : बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का कहना है कि उनके ट्वीट पर प्रदेश सरकार नजर रखती है। वे जब भी कुख्यात दाहू यादव के आतंक की चर्चा करते हैं, तो फरार चल रहे इस अपराधी की खोजबीन का पुलिस को नाटक करने का आदेश दिया जाता है। अब फिर उसे पकड़े जाने का ह्लमॉक ड्रिलह्व शुरू किया गया है।

रविवार को बाबूलाल ने ट्वीट करते हुए प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इसका होना क्या है, कुछ नहीं। यह आततायी राज्य की पुलिस के हाथ नहीं आएगा। केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो इसे पकड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को उनके अन्य ट्वीट्स और ह्लपत्रवीरह्व बोलकर उनकी चिट्ठियों का उपहास उड़ाने के बदले गंभीरता दिखानी चाहिए थी। ऐसा नहीं करने के चलते ही राज्य इतनी बदहाल स्थिति में पहुंचा है। सरकार की ऐसी दुर्गति और थू-थू हो रही है।


बाबूलाल मरांडी की फाईल फोटो।

बाबूलाल मरांडी ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि झामुमो का नया नारा आया है। प्रण है हमारा-हेमंत दुबारा। इस पर तंज कसते उन्होंने कहा कि आखिर झामुमो का प्रण क्या है वास्तव में? प्रण है फिर झारखंड को लूटने का। फिर बिचौलियों को पूजने का। अवैध कोयला, बालू, पहाड़ बेचने का। जनता को चूसने का, फिर लूटने का। दलालों के हाथों में सत्ता देने का। राजस्व चोरी का, धनउगाही का. अपराधियों, माफियाओं को पोषित करने का। फिर एक बार जंगलराज लाने का। जन जन को डराने का। झारखंड को खंडहर बनाने का। विनाश लाने का, बबार्दी का इतिहास बनाने का।

## अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी

**PHOTON NEWS RANCHI**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रविवार को प्रखंड स्थित एदेलहातु गांव के चुतरू गांव जाने वाली सड़क सोतिया पर तीन करोड़ की लागत पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पुल निर्माण कार्य का आधारशिला रखी। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव में शिक्षा स्वस्थ और विकास की योजना चलाई जा रही है, जिससे देश विकास की गति पर तेज आई है। मोदी के नेतृत्व में गांव में विकास रोशनी फैल रही है।

उन्होंने कहा कि विकास के कार्य में ग्रामीणों को सहभागिता लेने की जरूरत है। अर्जुन मुंडा ने उपस्थित ग्रामीणों को 2024 में नरेंद्र मोदी सरकार की सरकार बनाने में भाजपा को फिर से मौका देने की अपील की। ग्रामीणों की मांग पर अर्जुन मुंडा ने पेयजल के लिए चूंआ का निर्माण करने का निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य प्रखंड प्रमुख रामकुमार गोझू, मुखिया सीमा देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल महतो, युवा मोर्चा के जिला आदि मौजूद रहे।


पुल निर्माण कार्य की आधारशिला के कार्यक्रम में उपस्थित अर्जून मुंडा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

## राजस्थान में सरकार बनी तो 300 यूनिट बिजली मुफ्त हर गांव में खोलेंगे मोहल्ला क्लीनिक : केजरीवाल

**AGENCY SRINAGAR**

आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में बड़ी सभा कर राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। केजरीवाल ने सभा में राज्य की गहलोत सरकार और भाजपा को जमकर घेरा और अपनी दिल्ली सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। केजरीवाल ने कहा कि सरकार में आने पर राजस्थान में आआपा हर गांव में मोहल्ला क्लीनिक खुलवाएगी। हर घर में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भाजपा-कांग्रेस ने मिलकर भ्रष्टाचार किया है। बेचारा सचिन पायलट कह-कह कर थक गया, लेकिन गहलोत कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कहते हैं कि वसुंधरा मेरी बहन लगती है। केजरीवाल ने कहा कि हम भगत सिंह के चेले हैं, ये मनीष सिसोदिया, भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल को भी जेल भेज देंगे तो क्रांति रुकेगी नहीं। मेरा एक ही सपना है कि भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाएंगे। मुझे युवाओं का साथ चाहिए।

उन्होंने कहा कि मेरे पास प्लान है। पढ़ा-लिखा हूं, इंजीनियर हूं, आईआरएस रहा हूं, इसीलिए भाजपा-कांग्रेस वाले चिढ़ते हैं मेरे से। दस साल में हम देश को नंबर वन बना सकते हैं। दस साल के अंदर हम देश से गरीबी दूर कर सकते हैं, मेरे पास इसका पूरा प्लान है। पेपर लीक पर केजरीवाल ने कहा कि इनसे एक पेपर नहीं करवाए जा रहे। दिल्ली में आठ साल में एक पेपर लीक नहीं हुआ। पंजाब में नहीं हुआ। अगली बार वोट डालने जाओ तो पढ़े-लिखे लोगों को वोट देना, अनपढ़ लोगों को मत देना। दिल्ली और पंजाब से 50 साल आम आदमी पार्टी को कोई नहीं हिला सकता। राजस्थान में मौका दीजिए, आपका ऐसा दिल जीतेंगे कि 50 साल तक गहलोत-वसुंधरा याद नहीं आएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि गहलोत ने राजस्थान में इंश्योरेंस चालू कर रखा है, लेकिन इंश्योरेंस के नाम पर भी बेवकूफ बनाया जा रहा है। इंश्योरेंस तो तब मिलेगा, जब एडमिट होंगे। एडमिट हुए बिना छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज की जरूरत होती है, जो राजस्थान में बहुत महंगा है। हम सरकार में आएंगे तो यह इंश्योरेंस का झुनझुना नहीं थमाएंगे।

सभा को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि गहलोत साहब ने हमारी रैली फेल करने के लिए काले झंडे लेकर लोगों को भेजा था। ये काले झंडे आम आदमी पार्टी के लिए घी का काम करते हैं। अकाली दल काले झंडे दिखाती थी, अब वे खुद अपना रंग भूल गए हैं।

## विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने राहुल गांधी और खड़गे आयेंगे पटना

**AGENCY PATNA**

काफी ओहापोह की स्थिति के बाद आखिरकार यह निश्चित हो गया कि 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में राहुल गांधी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शिरकत करेंगे। पार्टी के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने रविवार को यह जानकारी प्रेसवार्ता कर दी।

प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि लगभग चार साल के अंतराल के बाद राहुल गांधी पटना आ रहे हैं। राहुल गांधी के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के संगठन प्रभारी वेणुगोपाल भी शिरकत करेंगे।

राहुल गांधी के पटना आगमन को लेकर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। पटना एयरपोर्ट से वह सीधे सदाकत आश्रम जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीनों नेताओं का रास्ते में उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। वहीं सदाकत आश्रम में वह पार्टी के तमाम नेताओं से मिलेंगे। सदाकत आश्रम से लगभग 11.30 सुबह में कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता की बैठक में शामिल होने का निमंत्रण दिल्ली में राहुल गांधी को दिया था। विपक्षी एकता की बैठक 12 जून को होने वाली थी लेकिन राहुल गांधी के भारत से बाहर रहे के कारण और मल्लिकार्जुन खड़गे के नहीं आ पाने के कारण कार्यक्रम की तिथि में बदलाव करते हुए 23 जून की तारीख तय की गयी।

## राम मंदिर से पहले रामजन्मभूमि पथ का होगा विकास

**AGENCY UTTAR PRADESH**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदला नजर आएगा। सनातन धर्म के केंद्रबिंदु अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक रूप से तेज गति से सुनियोजित विकास किया जा रहा है। हर कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने विगत दिनों समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अफसरों को निर्देश दिया था कि समय-समय पर अयोध्या आकर भौतिक स्थलीय सत्यापन करें। 500 वर्षों के इंतजार के बाद मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे तो इसके पहले जन्मभूमि पथ का भी तेजी से विकास हो जाएगा। यह कार्य अंतिम चरण में चल रहा है।

अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए योगी सरकार अयोध्या में हर संसाधन मुहैया करा रही है। जहां राम जन्मभूमि पर निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है, वहीं राम जन्मभूमि पथ को अभूतपूर्व बनाने की योजना है। इस मार्ग की लंबाई 566 मीटर है। राम जन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से राम मंदिर तक जाएगा। इस मार्ग का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। राम जन्मभूमि पथ बिरला धर्मशाला के सामने से सुग्रीव किला के बगल से होते हुए अमावा मंदिर रंग महल के पीछे होते हुए सीधे राम जन्मभूमि मंदिर परिसर तक जाएगा।

## PM NARENDRA MODI 27 जून को भोपाल और शहडोल के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कोई चूक न हो : मुख्यमंत्री

**AGENCY BHOPAL**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 जून को भोपाल और शहडोल में होने वाले कार्यक्रमों में कोई चूक न हो। कार्यक्रम अनुशासित, व्यवस्थित और उत्साहजनक होना चाहिए। उक्त निर्देश उन्होंने रविवार को अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में प्रधानमंत्री मोदी के प्रदेश में आगमन की तैयारियों से संबंधित बैठक में अधिकारियों को दिए।


बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शहडोल संभाग के कमिश्नर और कलेक्टर वर्चुअली जुड़े थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को भोपाल प्रवास पर आएंगे। वे यहां रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से जबलपुर और इंदौर के लिए वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इसके बाद भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था की पहले से प्लानिंग कर ली जाए। कार्यक्रम से संबंधित हर व्यवस्था की पहले से बेहतर तैयारी कर लें। प्रधानमंत्री के आगमन की व्यवस्था के संबंध में जन-प्रतिनिधियों से भी समन्वय कर व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन भोपाल से शहडोल जाएंगे और जिले में होने वाले कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि शहडोल के पास पकरिया में होने वाले कार्यक्रम में ग्रामीण परिवेश एवं जनजातीय संस्कृति की झलक दिखाई दे। शहडोल कमिश्नर और कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों संबंधी जानकारी दी।

## BRIEF NEWS

### मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और विपणन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को उनके आवास पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने मिलकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज्यपाल से कहा कि बोर्ड निगम का गठन कर कांग्रेस के कार्यकताओं को मान सम्मान देने के लिए आपको बधाई और धन्यवाद देता है। अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन में लगातार कार्य करने वाले लोगों को सम्मान और अवसर देने के लिए आपका धन्यवाद एवं आभार। इस अवसर का पूरा उपयोग संबद्ध के लिए करूंगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आज से गिरिडीह के प्रवास पर

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश 19 से 23 जून तक गिरिडीह के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह 19, 20 जून को विभिन्न बैठकों में होंगे शामिल होंगे। 19 जून को वह गिरिडीह में शाम चार बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की होने वाली जनसभा की तैयारियों से संबंधित बैठक में शामिल होंगे। 21 जून योग दिवस पर मधुबन में योग करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 20 जून को प्रदेश अध्यक्ष 11 बजे पूर्वाह्न गांडेय में और तीन बजे अपराह्न जमुआ में महा जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित वरिष्ठ कार्यकताओं एवं विशिष्ठ जन की बैठक को संबोधित करेंगे। 21 जून को वे मधुबन में पार्टी द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात हजारीबाग पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। 22 जून को गिरिडीह झंडा मैदान में आयोजित विशाल जनसभा कार्यक्रम जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा संबोधित करेंगे, उसमें शामिल होंगे। दीपक प्रकाश 23 जून की शाम रांची लौटेंगे।

### मन की बात है भारत की बात : दीपक प्रकाश

**RANCHI :** प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नेरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को राज्य के 29 हजार से अधिक बूथों पर सुना। कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं ने फोटो सहित सरल पोर्टल पर उसे अपलोड भी किया। अपने दो दिवसीय चाईबासा प्रवास पर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने चाईबासा के पिल्लई हॉल में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात संबोधन में पूरा भारत समाया रहता है। यह मन की बात, भारत की बात बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपनी आगामी विदेश यात्रा के व्यस्त कार्यक्रम के बीच भी प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को स्थगित नहीं किया, जो उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनता का एक बौद्धिक खुराक बन चुका है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने हर माह रंग बिरंगे फूलों से सजे माला की तरह मन की बात कार्यक्रम को 130 करोड़ जनता की सेवा में समर्पित किया है, जिसकी खुशबू सम्पूर्ण विश्व को सुगंधित करती है।

### आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय


बैठक में उपस्थित आजसू कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय पार्टी ली है। इसी कड़ी में रविवार को आजसू पार्टी के रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी के अध्यक्षता में कांके विधानसभा स्तरीय कांके के उरुगुट्टू में बैठक की गई।, मौके पर आगामी 22 जून को पार्टी के पूर्व घोषित कार्यक्रम संकल्प दिवस की तैयारी का समीक्षा की गई। मौके पर हकीम अंसारी ने कहा कि 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस के दिन, पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निदेर्शानुसार 22 जून को हम लोग संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से रामजीत गंजू, पार्वती देवी, नागेश्वर महतो, सत्यनारायण मुंडा, मजीबुल रहमान,रूपलाल महतो, एतवा उरांव, अमन लाल, सुरेंद्र महतो, डॉक्टर मदन महतो, मनोज मुंडा, मनोज महतो, जग लाल महतो, राजू नायक, सुरेन महतो, महमूद अंसारी खलारी प्रखंड अध्यक्ष सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### असम के जोरहाट में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान, विशिष्ट लोगों से मिले जेपी नड्डा

**ASAM :** असम दौरे पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा डिब्रूगढ़ से जोरहाट जिला शहर में पहुंचकर पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत विशिष्ट व्यक्तियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के देशव्यापी महाजनसंपर्क अभियान के तहत नड्डा ने रविवार को जोरहाट में विशिष्ट व्यक्तियों से मुलाकात की। नड्डा ने जोरहाट के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता शांता शर्मा, प्रख्यात क्रीड़ा संगठक रक्तिम सैकिया, प्रख्यात डॉक्टर पंकज बरुवा और प्रख्यात व्यवसायी और साहित्यकार ओम प्रकाश गट्टानी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता, विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी, सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, सांसद तपन गोगोई और भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। जोरहाट में महाजनसंपर्क अभियान में भाग लेने के बाद नड्डा सीधे शिवसागर के लिए रवाना हो गए। शिवसागर में महाजनसंपर्क अभियान की कड़ी में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। हालांकि, भारी बारिश के बावजूद जनसभा में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ी उमड़ी है।

### गुरुद्वारा एक्ट 1925 में एक नई धारा जोड़ेगी पंजाब सरकार: भगवंत मान

**CHANMDIGARH :** पंजाब सरकार ने सिख गुरुद्वारा एक्ट 1925 में एक नई धारा जोड़ने का संकेत दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को इस संबंध में एक ट्वीट किया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा कि परमात्मा के आशीर्वाद से हम सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेने जा रहे हैं... लोगों की मांग के मुताबिक हम सिख गुरुद्वारा एक्ट 1925 में एक नई धारा जोड़ने जा रहे हैं कि गुरबानी का प्रसारण हरिमंदर साहिबजी से सभी के लिए निःशुल्क हो जाएगा। मुख्यमंत्री मान ने लिखा कि इसके लिए किसी तरह का टेंडर अनिवार्य नहीं होगा और इस संबंध में 20 जून को विधानसभा में कैबिनेट में प्रस्ताव पेश किया जाएगा। इस मुद्दे पर अकाली दल के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया कि मुख्यमंत्री, आपका ये निर्णय असंवैधानिक है और सिख समुदाय की धार्मिक गतिविधियों में सीधा हस्तक्षेप है। सिख गुरुद्वारा अधिनियम संसद के अधीन है।
सिख समुदाय ने संसद के इस अधिनियम के तहत गुरु घर के संबंध में निर्णय लेने के लिए मतदान के माध्यम से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव किया है। क्या उपरोक्त समिति ने इस संबंध में ऐसा कोई प्रस्ताव पारित किया है। उसके बिना संसद भी एक एक्ट में संशोधन नहीं कर सकती। केजरीवाल के आदेश से किए जा रहे इस पंथ विरोधी कार्य को सिख कौम कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगी।

# तेतुलमारी के एक OUT SOURCING कंपनी में भड़की भीषण आग, दहशत



**PHOTON NEWS DHANBAD**

तेतुलमारी थाना अंतर्गत बीसीसीएल के एरिया-4 स्थित मोदीडीह कोलियरी में संचालित भूमि कन्या आउटसोर्सिंग कंपनी में हैवी ब्लास्टिंग और अवैध कोयला खनन के कारण उत्खनन स्थल पर भीषण आग लग गई है। आउटसोर्सिंग कम्पनी डीजीएमएस के नियमों का उलघनन कर बदस्तूर हैवी ब्लास्टिंग कर अग्नि प्रभावित कोयला खदान में उत्खनन कर रही है। इसका परिणाम है कि आग ने अपना रौद्र रूप अख्तियार कर लिया है।

अगलगी वाले कोयला खदान से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर ही आबादी वाली बस्ती भी है, जहां सैकड़ों लोग रहते है। यहां रह रहे लोगों को अब भय सताने लगा है कि जिस प्रकार से आउटसोर्सिंग कंपनी ब3बेधड़क बड़ी-बड़ी ब्लास्टिंग कर आग की लपटों को हवा दे रही है, उससे कही यह बस्ती ही इस प्रचंड आग की लपटों के चपेट में न आ जाए।

दहशत में जी रहे स्थानीय लोगों में अब बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के प्रति आक्रोश दिखाई दे रहा है। स्थानीय मनोज चौहान ने बताया कि शनिवार शाम लगभग छह बजे यहां ब्लास्टिंग किया गया, जिससे चारों और धुआ धुआ हो गया, लेकिन उस समय तक आग नहीं देखा गया था। लेकिन देर रात यह आग भीषण रूप में सबके सामने आया। आग की लपटे मानो आसमान छू रही है। जिससे लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। रविवार सुबह ग्रामीण उत्खनन स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के साथ साथ यहां रह रहे लोगों को किसी सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग प्रबंधन से की।

वहीं कंपनी की ओर से आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी और हाईवा ट्रक जैसे बड़ो वाहनों को लगाया गया है। बावजूद इसके आग धीरे-धीरे अपना दायरा बढ़ा रही है।

वही परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी ने कहा कि यह परियोजना अग्निप्रभावित है। इसलिए यहां आग भड़क गई है। कोई लापरवाही नहीं हुई है। आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। लोगों को विस्थापित करने को लेकर जमीन दे दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि तीन महीने पहले 23 मार्च को इसी भूमि कन्या आउटसोर्सिंग में चाल धंसने की घटना घटी थी। इसमें पांच लोग काल की गाल में समा गए थे और आधा दर्जन से अधिक मजदूरो के घायल होने की खबर सामने आई थी, लेकिन आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल प्रबंधन ने घटना से इनकार कर दिया था।

## बोकारो : होटल में लगी भीषण आग, 25 लाख की संपत्ति खाक

**PHOTON NEWS BOKARO**

बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र में रांची राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 23 स्थित राजू सत्यम फूड प्लाजा नामक होटल में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना में लगभग 25 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। अग्निशमन की गाड़ी ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

होटल के मालिक राजू कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह 4:30 से 5:00 बजे के बीच होटल से धुआं निकलने की खबर मिली। जब मौके पर पहुंचा तो होटल में आग लगी थी। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी गई। अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंची। इसके बाद होटल कर्मियों एवं आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। आग की इस घटना में एसी, फ्रिज, कई टेबल कुर्सी, पंखा फर्नीचर समेत कई उपकरण पूरी तरह से जल चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना में लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## पीरटांड़ : खराब पड़े हैं दर्जनों चापानल पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान

**PHOTON NEWS GIRIDIH**

\पीरटांड़ प्रखंड के कई गांवो में पानी की समस्या से ग्रमीण परेशान है. कई पंचायतों में दर्जनों चापानल खराब पड़े हुए है. जिसके कारण लोगो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है. चापानल खराब होने की कई बार ग्रमीणों द्वारा सम्बंधित विभाग के जेई व अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई, लेकिन आज तक कोई सुध लेने तक नही आया.

प्रखंड के मंडरो, कुंडको, हरलाडीह, पालगंज, खुखरा, बिसनपुर के अलावे कई गांवो में दर्जनों चापानल खराब पड़े हैं. ग्रामीण महादेव सेन, विजय ठाकुर, गोविंद सिंह, राजू ठाकुर, दीनदयाल सेन, अम्बुज मादक और देवी मादक का कहना है कि जब विभाग के जेई से इस विषय पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा.



खराब पड़ा चापानल। ● द फोटोन न्यूज

कई बार उन्हें फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाकर बात तक नहीं की. लोगों का कहना है कि चापाकलों का मरम्मत विभाग के फाइलों में ही मैनेज होकर रह जाता है. वही विभाग के जेई सचेन्द्र झा का कहना है कि चापानल खराब होने की शिकायत मिलते ही त्वरिक उसका मरम्मत कराया जाता है.

## पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का दूसरा ट्रायल रन, 40 मिनट लेट से पहुंची कोडरमा

**PHOTON NEWS KODERMA**

पटना से रांची के लिए चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रायल रन के दूसरे चरण के दौरान रविवार सुबह कोडरमा रेलवे स्टेशन पहुंची। हालांकि अपने दूसरे चरण के ट्रायल के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस 60 किलोमीटर की रफ्तार से गया होते हुए कोडरमा 40 मिनट लेट से पहुंची। कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन की एक झलक देखने को लोग उत्साहित दिखे और जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस कोडरमा पहुंची, लोग ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के लिए आपाधापी करने लगे।



वंदे भारत एक्सप्रेस पिछली दफा अपने ट्रायल रन के दौरान रांची से रिटर्निंग में पिपराडीह स्टेशन के नजदीक दुर्घटना ग्रस्त होने से बाल-बाल बची थी। बताया जाता है कि जब वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से पटना लौट रही थी, उसी दौरान हजारीबाग से लौटने के दौरान पिपराडीह स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर जानवर आ गया था और ट्रेन के ड्राइवर ने एमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया था।

हालांकि इस बार वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर पूरी सावधानी बरती जा रही है, ताकि जब ये ट्रेन 26 जून से नियमित तौर पर चले तो इसके परिचालन में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। पटना से वंदे भारत एक्सप्रेस को कोडरमा स्टेशन पर लाने वाले ड्राइवर और गार्ड को चेंज किया गया और कोडरमा स्टेशन पर दूसरे ड्राइवर और गार्ड कोडरमा से रांची लेकर रवाना हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जून को पटना से रांची और रांची से पटना चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। इसे पहले बीते 12 जून को इस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि पीएम मोदी दिल्ली से ऑनलाइन इन ट्रेनों को रवाना करेंगे। जिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेन को उस दिन रवाना किया जायेगा उसमें भोपाल-इंदौर, भोपाल-जबलपुर, गोवा-मुंबई और बेंगलुरु-हुबली शामिल हैं।

## बिरसा कॉलेज में सात दिवसीय नाट्य नृत्य एवं चित्रकला कार्यशाला का समापन

**PHOTON NEWS KHUNTI**

झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी और बिरसा महाविद्यालय खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय नाट्य नृत्य एवं चित्रकला कार्यशाला का समापन रविवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ।

काय्रक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोमनाथ मुंडा, द्वितीय स्थान आशीष महतो एवं तृतीय स्थान अंजली कुमारी को मिला। उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड की लोक संस्कृति की विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सुंदर झारखंड गीत पर कार्यशाला के दौरान तैयार किया गया नृत्य भाग्यवती कुमारी, अंजली कुमारी, रिया कुमारी, स्मृति ओड़ेया, मिकी भांगड़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया।



प्रमाणपत्र के साथ प्रतिभागी। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक एक लोटा पानी रहा, जिसकी परिकल्पना एवं निर्देशन संस्था के सचिव एवं निर्देशक डॉ दीपक प्रसाद ने किया। डॉ प्रसाद ने कहा कि इस नाटक के माध्यम से मनुष्यों में संयम रखने कें बारे में बताया गया है। नाटक के मूल कथानक में एक गांव की महिला जिसने संयमित होकर दूध से घी जमा किया और बाजार जाते समय उसे घी के बर्तन की किसी अन्य व्यक्ति ने चोरी कर ली। तब मामला कोर्ट में जाता है और जज के पास यह समस्या आने पर जज साहब ने बड़ी होशियारी से इसका निदान निकाला। उन्होंने दोनों को कीचड़ से अपने बेटे के जूते को खोज लाने को कहा। जब दोनों कीचड़ से लथपथ होकर के जज के पास पहुंचते हैं, तो उन्होंने अपने सहयोगी से दोनों को एक-एक लोटा पानी देने को कहा। महिला एक लोटा पानी में अपने सारे अंग वस्त्र साफ कर लेती है और कुछ पानी बचा भी लेती है।

वहीं व्यक्ति एक लोटा पानी के अलावा और कई बाल्टिया पानी खर्च कर देता है। यह स्थिति को देखते हुए जज ने फैसला सुनाया कि घी का घड़ा वास्तव में इसी महिला का है, क्योंकि इसने संयमित तरीके से बहुत ही कम पानी खर्च कर अपने तन को साफ कर लिया और यह व्यक्ति में संयमित नहीं होने के कारण एक से ज्यादा बाल्टी पानी खर्च कर दिया, तो यह घी कैसे जमा कर सकता है। इस नाटक के मुख्य पात्र जज की भूमिका में पवन कुमार महतो, ग्रामीण युवक हैसल मुंडा, महिला भाग्यवती कुमारी, सिपाही शाहनवाज अहमद थे। महाविद्यालय की प्राचार्य जेरमेन कीड़ो ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिये। प्राचार्या ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला भविष्य में भी होती रहेंगी, ताकि हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो।

## प्रिंस का एकाउंटिंग नेटवर्क ध्वस्त, एक महिला सहित दस अपराधी गिरफ्तार



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DHANBAD**

धनबाद के व्यवसायियों से धमकी देकर पैसा वसूलने वाले प्रिंस खान के 10 गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों में एक महिला भी शामिल है, जो पैसों के लेन देन में अहम भूमिका निभाती थी।

धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि वासेपुर के मखदुमी रोड के रहने वाले सद्दाम अंसारी और उसकी पत्नी नरगीश बानो अपने साथियों के साथ मिलकर प्रिंस खान के लिए पैसों की उगाही का काम करता था और विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिया करता था। उन्होंने बताया कि अभी तक एक करोड़ की राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर प्रिंस खान के पास पहुंचाया जा चुका है।

गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लाख नगद और एक देसी कट्टा भी पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही विभिन्न बैंकों के 90 खातों की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस मामले में और भी आरोपियों की तलाश कर रही है।

### एक साल पहले टूट गया था छाता नदी पुल, अब तक डायवर्सन भी नहीं बना

## बरसात में ठप हो जायेगा DODMA-SISAI पथ पर आवागमन

**PHOTON NEWS KHUNTI**

तोरपा प्रखंड के डोडमा-सिसई मुख्य पथ पर कुदरी गांव के समीप छाता नदी पुल के टूटे लगभग एक साल गुजरने को हैं। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो पुल का निर्माण हुआ न ही डायवर्सन बन सका है। पानी नही होने के कारण वाहन को नदी में उतारकर लोग आते-जाते हैं। बरसात अब सिर पर है, बरसात का पानी नदी में उतरते ही इस रास्ते से आवागमन ठप होना तय है।

### दर्जनों गांव का कट जायेगा संपर्क

बरसात के पूर्व पुल या डायवर्सन नहीं बनने से दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क खूंटी जिला मुख्यालय व प्रखंड मुख्यालय से कट जायेगा। गुमला जिला और खूंटी जिले को यही सडक सीधा जोडती है। साथ ही खूंटी, डोडमा, बिचना, कुदरी आदि के स्कूल कॉलेज में पढने वाले विधार्थियों को भी परेशानी होगी। भाजपा नेता विनोद सिंह कहते हैं कि राज्य सरकार की लापरवाही



जर्जर स्थिति में छाता नदी पुल। ● द फोटोन न्यूज

और उदासीनता के कारण साल भर में पुल का निर्माण तो क्या डायवर्सन तक का कार्य शुरू तक नहीं हुआ है।

छाता नदी का यह पुल यातायात की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। बरसात के दिनों में दर्जनों गांवों के लोगों को काफी परेशानी होगी। जनप्रतिनिधियों को भी इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष बरसात के दिनों में यह पुल टूट गया था।छाता नदी पर बना पुल काफी पुराना था। मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गया था। पिछले वर्ष अगस्त में बारिश से पुल ध्वस्त हो गया था। पुल टूट जाने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था।

बाद में विधायक कोचे मुंडा की पहल पर कामचलाऊ डायवर्सन का निर्माण कराया गया था, लेकिन कुछ दिनों के बाद डायवर्सन पानी में बह गया। नये पुल के निर्माण के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने कहा कि पुल निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

## BRIEF NEWS

### खूंटी : 30 गरीब बच्चे ले रहे हैं आवासीय विद्यालय में तीरंदाजी का प्रशिक्षण

**KHUNTI :** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में संचालित तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्कूल के 30 युवा तीरंदाजों से जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने रविवार को मुलाकात की और प्रशिक्षण की बारीकियों को जानने का प्रयास किया। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि इस केंद्र में वैसे बच्चे तीरंदाजी की बारीकियों को सीख रहे हैं, जो बेहद अभावग्रस्त हैं और उनके लिए किसी खेल या पढ़ाई करना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था। इस दौरान युवा तीरंदाजों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रवीण कुमार ने कहा कि अपने समाज के अनाथ, दिव्यांग और सुदूर ग्रमीण क्षेत्र के युवा प्रतिभावान बच्चों को खेल गतिविधि से जोड़ कर उनको एक पौधे के जैसे सींचने का यह प्रयास विद्यालय प्रबंधन का प्रयास सराहनीय एवं सकारत्मक है।

### सीआरपीएफ कैंप में रथयात्रा की तैयारी जोरों पर

**KHUNTI :** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा और पूजा अर्चना को लेकर सीआरपीएफ की 94 बटालियन की ओर से जोर शोर से तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार रथ यात्रा 20 जून को केरिपु बल मुख्यालय तजना कैंप से शुरू होकर बाजारटांड, भगत सिंह चौक, नेताजी चौक होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचेगी। वहीं भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 10 दिनों तक विराजमान रहेंगे, जहां इनकी भव्य पूजा-अर्चना की जाएगी। 28 जून को घूरती रथयात्रा दुर्गा मंदिर से उसी रास्ते केरिपु बल कैंप तजना पहुंचकर इसका समापन होगा। रथ यात्रा के 20 जून को तीनों विग्रहों की भव्य पूजा, हवन, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन 94 बटालियन परिसर में किया जाएगा। सीआरपीएफ की इस रथ यात्रा का इंतजार खूंटी के लोगों को साल भर रहता है। सैकड़ों लोग रथ की रस्सी खीचने के लिए लालायित रहते हैं। मान्यता है कि रथ की रस्सी खींचने अया उसके सपर्श से पुण्य की प्राप्ति होती है।

### मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में दफनाया गया शव बाहर निकाला गया

**DHANBAD :** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलिया मोड़ के समीप एनएच-2 के किनारे 14 जून को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव को पुलिस ने भलजोरिया शमशान घाट में दफना दिया था। रविवार की सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शमशान घाट की मिट्टी में दफन शव को पुलिस ने बाहर निकाला और जांच के लिए अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि मृतक महेश महतो (40) बाघमारा थाना क्षेत्र डुमरा का रहने वाला था, जो गोविंदपुर के एक कारखाने में काम करता था। शव मिलने के दो दिन पूर्व से ही मृतक कारखाने से गायब था। उसके परिजनों को सूचना मिली कि निरसा में एक अज्ञात शव मिला है। उसी पर वे निरसा पहुंच शव की शिनाख्त की। इसके बाद मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में शव निकालने का काम शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि 14 जून को निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलिया मोड़ के समीप बंद पड़े पेट्रोल पंप के झाड़ियों से अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसे निरसा पुलिस पोस्टमार्टम करा अज्ञात शव बता उसका भलजोरिया शमशान घाट में दफना दिया था।

### उपकारा खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन

**KHUNTI :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा खूंटी उपकारा में रविवार को जेल अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी कैदियों का विचारन तेजी से हो रहा है। इसलिए सभी कैदी अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों को जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने मामले के बारे जानकारी रखना उनका हक है, और कैदियों को निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने कैदियों से कहा कि आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने अंदर दबी हुई प्रतिभा को जगाएं और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने-पढ़ने की आदत डालें। इस कार्य में डालसा आपकी मदद करेगा। कार्यक्रम में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, डालसा एलएडीसी चीफ राजीव कमल, डालसा पीएलवी, उपकारा खूंटी के काराधीक्षक सहित कारा के अन्य कर्मचारी और जेल पीएलवी उपस्थित थे।

### फल व्यवसायी बबलू मोदी की हत्या मामले में पत्नी को जेल

**KODERMA :** चंदवारा के फल व्यवसायी मृतक बबलू मोदी की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक की पत्नी ज्योति देवी को चंदवारा थाना पुलिस ने उसके मायके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद रविवार को उसे जेल भेज दिया गया। जिले के चंदवारा में गत 30 अप्रैल की सुबह चंदवारा थाना अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन के पास फल व्यवसायी बबलू मोदी (38) का शव मिला था। मृतक बबलू मोदी (पिता रामचंद्र मोदी) जयनगर का निवासी था और चंदवारा में भाड़े के मकान में रहकर फल का का दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार रात उसे चंदवारा थाना के पुलिसकर्मी आदित्य शर्मा ने फोन कर बुलाया था, जिसके बाद वह घर से निकल कर बाहर गया था। अगले दिन सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। इस मामले के उद्भेदन को लेकर लगातार आंदोलन भी हुआ। शनिवार को स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी जिले में बढ़ रहे अपराध और हत्या की घटनाओं के उद्भेदन में पुलिस और कोडरमा एसपी की विफलता पर सवाल उठाया था।

### हजारीबाग में शाम छह बजे के बाद बीमार मवेशी भगवान भरोसे

**HAZARIBAG :** अगर आपके पास पालतू मवेशी है, तो मनाइए कि वह सुरक्षित रहे. कम से कम रात में उसे कुछ न हो. चूंकि शाम के छह बजे के बाद हजारीबाग में मवेशियों के इलाज की सुविधा मॉडल वेटनरी अस्पताल में नहीं है. शाम में न तो वहां डॉक्टर मिलेंगे और न ही कोई कर्मी. कल्लू चौक स्थित पशु चिकित्सा अस्पताल में शाम छह बजे के बाद सिर्फ एक नाइट गार्ड दिखाई देता है. पूरा अस्पताल उसी एकमात्र गार्ड के भरोसे रहता है. अस्पताल में कंपाउंडर की सीट भी खाली है. अस्पताल में पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। इस अस्पताल में तीन पशु चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति है. लेकिन शाम के बाद कोई नहीं रहते. चूंकि वहां रहने की कोई व्यवस्था नहीं है. अस्पताल में एक नाइट गार्ड, एक सहायक कर्मी और एक प्यून मौजूद हैं. राजकीयकृत मॉडल औषधालय में मवेशियों के लिए दवाओं की भी कमी है।

### राउरकेला के बिरसा रोड में ज्वैलरी शोरूम का उद्घाटन, मंत्री शारदा नायक ने काटा फीता



ज्वैलरी शोरूम का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**ROURKELA :** राउरकेला के मुख्य मार्ग में बिसरा रोड पर ज्वैलरी शोरूम ब्लूस्टोन का रविवार को श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने उद्घाटन किया. मौके पर मुख्य मार्ग से गणमान्य लोग मौजूद थे। मंत्री ने उद्घाटन के बाद शोरूम में भ्रमण कर सभी उत्पादों को देखा और शोरूम संचालकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. मौके पर प्रमोद शर्मा, पूर्व पार्षद अफरोज अहमद, मंत्री के बिजली विभाग के प्रतिनिधि विश्वजीत डे, मो.खालिद अजीज, पिंकु जायसवाल, नेयाजुल हसन, पप्पू जायसवाल, मो.शमशेर विकास शुक्ला मौजूद थे।

# LOYOLA SCHOOL का तुषार बना जेईई एडवांस का सिटी टॉपर, मिली 409वीं रैंक

PHOTON NEWS JAMSHEDPUIR

आईआईटी गुवाहाटी की ओर से रविवार को जेईई एडवांस का परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा में जमशेदपुर के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता मिली है। साकची स्थित सुवर्णरेखा फ्लैट निवासी छात्र तुषार कुमार सिन्हा 409वां रैंक प्राप्त कर सिटी टॉपर बने हैं।

तुषार ने इसी वर्ष बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल से 12वीं बोर्ड की परीक्षा पास की है। उसके पिता अरुण कुमार सिन्हा टाटा स्टील के सीआरएम में सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं। जबकि मां चंद्रप्रभा गृहणी हैं। तुषार के बाद जमशेदपुर व आसपास के क्षेत्रों में बेहतर रैंक अर्जित करने वाले छात्रों में रुद्र सिन्हा 483, मन्मथ मिश्रा ने 732, अस्मित चौहान ने 810, शौर्य राज ने 2218, शिवेन शर्मा ने 2700, अरित्रा कोलाय ने 2816, सुमित कुमार ने 379 एवं अर्चिशा पाल ने 8699वां रैंक हासिल किया है। विदित हो कि जेईई एडवांस्ड परीक्षा के जरिए देश के 23 आईआईटी की लगभग 16 हजार 538 सीटों पर एडमिशन मिलता है। आईआईटी आईएसएम धनबाद में भी इसी के माध्यम से एडमिशन होगा।



परिजनों के साथ तुषार। ● द फोटोन न्यूज

**किस दिन क्या होगा :**

- 19 जून 2023 : जेओएसएए के लिए रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू
- 28 जून 2023 : जेओएसएए के लिए पंजीकरण और च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया समाप्त
- 30 जून 2023 : राउंड 1 के लिए सीट आवंटन प्रदर्शित
- 30 जून से 4 जुलाई 2023 : ऑनलाइन रिपोर्टिंग (शुल्क भुगतान, डॉक्युमेंट अपलोड करना, विलिंगनेस आप्शन)
- 6 से 28 जुलाई 2023 : जेओएसएए का राउंड 2 – 5
- 29 से 31 जुलाई 2023 : आंशिक प्रवेश शुल्क (पीएएफ) का भुगतान
- 2 अगस्त 2023 : सीएसएबी–स्पेशल राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग शुरू
- 6 अगस्त 2023 : सीएसएबी–स्पेशल राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग समाप्त
- 7 अगस्त 2023 : स्पेशल राउंड 1 के लिए सीट आवंटन प्रदर्शित
- 7 से 9 अगस्त 2023 : स्पेशल राउंड 1 के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग (डॉक्युमेंट अपलोड करना, विलिंगनेस आप्शन)
- 11 अगस्त 2023 : स्पेशल राउंड 2 के लिए सीट आवंटन प्रदर्शित
- 11 अगस्त से 14 अगस्त 2023 : स्पेशल राउंड 2 के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग (डॉक्युमेंट अपलोड करना, विलिंगनेस आप्शन)
- 12 अगस्त से 17 अगस्त 2023 : प्रथम वर्ष की कक्षाएं आरंभ होने की अनुमानित

## ये है जेईई में बेहतर रैंक लाने वाले जमशेदपुर के छात्र

नाम : तुषार कुमार सिन्हा, रैंक : 409
स्कूल : लोयोला स्कूल, बिश्टुपुर, जमशेदपुर
कोचिंग : प्रेरणा क्लासेज, बिष्टुपुर, जमशेदपुर
आवास : स्वर्णरेखा फ्लैट, साकची, जमशेदपुर
पिता : अरुण कुमार सिन्हा, सीनियर एसोसिएट, टाटा स्टील
माता : चंद्रप्रभा, गृहणी

नाम : रुद्र सिन्हा, रैंक : 483
स्कूल : लोयोला स्कूल, बिष्टुपुर, जमशेदपुर
कोचिंग : प्रेरणा क्लासेज, बिष्टुपुर, जमशेदपुर
आवास : विद्यापति टावर, रामनगर, कदमा, जमशेदपुर
पिता : अजय कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त फॉरेस्ट अफिसर
माता : शालिनी सिन्हा, गृहणी

नाम : मन्मथ मिश्रा, रैंक : 732
स्कूल : डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर
कोचिंग : प्रेरणा क्लासेज
आवास : सहारा सिटी, मानगो
पिता : कान्हू चरण मिश्रा, एजीएम, लिंकन एलेक्ट्रीक
माता : इतिश्री मिश्रा, गृहणी

नाम : अस्मित चौहान, रैंक : 810
स्कूल : जेवियर स्कूल, गम्हरिया
कोचिंग : प्रेरणा क्लासेज, बिष्टुपुर
आवास : आदित्यपुर
पिता : सुमित कुमार, मर्चेंट नेवी
माता : अस्मिता कुमारी, बिजनेस वूमेन

नाम : शौर्य राज, रैंक : 2218
स्कूल : डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर
कोचिंग : प्रेरणा क्लासेज, बिष्टुपुर
आवास : बाराद्वारी, साकची
पिता : जयशंकर प्रसाद गुप्ता, टाटा स्टील
माता : पूनम गुप्ता, गृहणी

नाम : शिवेन शर्मा, रैंक : 2700
स्कूल : डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर
कोचिंग : प्रेरणा क्लासेज, बिष्टुपुर
आवास : आदर्श नगर, सोनारी
पिता : राजन शर्मा, शिक्षक
माता : प्रोफेसर श्वेता शर्मा, द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन

नाम : अरित्रा कोलाय, रैंक : 2816
स्कूल : लोयोला स्कूल, बिष्टुपुर, जमशेदपुर
कोचिंग : नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, साकची
आवास : डिमना, मानगो, जमशेदपुर
पिता : मानस कुमार कोलाय, रेलवे वित्त विभाग में कार्यरत
माता : काकुली कोलाय, गृहणी

### काउंसलिंग के लिए कल से शुरू होगा आवेदन

दूसरी ओर आर्किटेक्चर एप्टिट्यूड टेस्ट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सोमवार (19 जून) तक किया जाएगा। ज्वाइंट सीट एलोकेशन (जोसा) की प्रक्रिया संभवतः 19 जून को शुरू होगी। वही 21 जून को सुबह 9:00 से दोपहर 12:00 बजे तक आर्किटेक्चर एप्टिट्यूड टेस्ट होगा। आर्किटेक्चर एबिलिटी टेस्ट का रिजल्ट की घोषणा 24 जून को की जाएगी।

## 21 से 7 दिवसीय योग और मेडिटेशन शिविर का आयोजन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUIR

ब्रह्माकुमारीज संस्था के जमशेदपुर शाखा द्वारा सोनारी के मरीन ड्राइव स्थित स्थानीय मुख्य सेवाकेंद्र, यूनिवर्सल पीस पैलेस में 21 से 27 जून तक सात दिवसीय योग और मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का आयोजन सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक होगा. इस शिविर में टाटा मेन हॉस्पिटल , रेडियोलोजी विभाग प्रमुख बी.के. डॉ. राजेश और फिजियोलॉजिस्ट बी.के. डॉ पीयूष रंजन सभी को योगासन, प्राणायाम और राजयोग मेडिटेशन का प्रशिक्षण देंगे ।कार्यक्रम की जानकारी ब्रह्माकुमारीज जमशेदपुर द्वारा एक प्रेस वार्ता में दी गई ।




इस अवसर पर कोल्हान क्षेत्र के सेवा केंद्रों की मुख्य संचालिका और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी.के. अंजू दीदी ने कहा कि नियमित योगा करने से हमारा शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, साथ ही लोग कई बीमारियों से दूर रहते हैं। साथ ही नियमित राजयोग मेडिटेशन करने से हम तनाव मुक्त रहते हैं, मन की एकाग्रता बढ़ती है, आत्मविश्वास भी बढ़ता है, मन सशक्त होता है और हम जीवन में किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं । उन्होंने बताया कि नियमित राजयोग मेडिटेशन मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है।अगर हम सभी योगा और राजयोग मेडिटेशन दोनो को ही अपने जीवन में अपनाते हैं तो हम तन-मन से स्वस्थ रह सकते है, जो मेडिकल रीसर्च द्वारा भी प्रमाणित हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि अपने इस भारतीय परम्परागत पद्धति का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से सभी नागरिकों को बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन किया जा रहा है। इस अवसर पर बी के अंजू दीदी, बी के संजू दीदी, बी के डॉ. पीयूष रंजन, बी के डॉ. राजेश और बी के हरि भाई मौजूद

## डुगडुगी बजा फरार आरोपी के घर पुलिस ने किया कुर्की का इश्तेहार

JAMSHEDPUIR: सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बागुनहातू में हत्या के मामले में जनवरी से फरार चल रहे दो आरोपियों अमित सिंह और चिराग मुखी के घर इश्तेहार रविवार को पुलिस ने चिपकाया। ये दोनों टेल्को के चंद्रशेखर सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी हैं।



डुगडुगी बजाकर इश्तेहार करती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

अमित सिंह बागुनहातु आश्रम के पास रहता है। जबकि, चिराग मुखी भीमा रोड सिदगोरा का निवासी है। खास बात यह रही की पुलिस ढोल नगाड़े के साथ पहुंची और इसे बजाते हुए कुर्की का नोटिस आरोपी के घर पर चिपकाया। सिदगोड़ा थाना पुलिस ने बताया कि अगर दोनों आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो 30 दिन बाद कुर्की वारंट निकाला जाएगा और इसके बाद इन दोनों के घरों की कुर्की की जाएगी।

## पीएम ने 'मन की बात' कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण और योग पर दिया जोर

### प्रयागराज विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह व जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो हुए शामिल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUIR

भालूबासा स्थित किशोर संघ द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात में मुख्य रूप से तीन बातों पर प्रकाश डाला पहला जल संरक्षण दूसरा पर्यावरण एवं तीसरा योग के बारे में बात कहीं।



पीएम नरेन्द्र मोदी की फाईल पोटो।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कहीं तीनों ही बात हमारे स्वास्थ्य के प्रति उनकी दूर दृष्टि है। हमें चाहिए कि हम जल का संरक्षण करें, पर्यावरण को स्वच्छ रखें और 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जब पूरा विश्व योग करेगा, तो सभी लोग स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगल को बढ़ाया जा रहा है ताकि पर्यावरण स्वच्छ रहे। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण करने से सिंचाई की व्यवस्था के साथ फसलों की उपज अच्छी होगी। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के लोग योग करेंगे तभी सब स्वस्थ रहेंगे।

## बच्चों ने किया भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नाटक का मंचन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUIR

रविवार को माइकल जान ऑडिटोरियम में रविवार की शाम एकल आंदोलन से संबंधित एकल सुरताल टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत जमशेदपुर में श्री कृष्ण शीर्षक के अंतर्गत एक प्रस्तुति दी गई। एकल सुरताल टीम कोई पेशेवर टीम नहीं, बल्कि एकल विद्यालय आंदोलन से उपजे हुए नवयुवक/नवयुवतियों का एक समूह है जिन्होंने अपने प्रयास से अपनी प्रतिभाओं को निखारा है। अपने देश में ही नहीं बल्कि उन्होंने विदेश में भी काफी वाहवाही लूटी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में करीब 60 शहरों में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी है। उन्हें वहां के देशवासियों से काफी सराहना मिली एवं एकल आंदोलन के बारे में प्रचार भी मिला। जमशेदपुर में कार्यक्रम प्रस्तुत करने के पहले पिछले 8 दिनों से यह टीम रांची में कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही थी एवं रांची के लोगों का दिल जीता है।

कार्यक्रम प्रस्तुत करने से पहले मुख्य अतिथि सरयू राय विधायक जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि विपिन भाई अठेसरा को पौधा देकर स्वागत किया गया एवं इनके आशीर्वचनों से उपस्थित दर्शक लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की प्रस्तुति आरंभ हुई । माहेश्वरी दुबे ने मंच का संचालन बहुत ही सुंदर ढंग से किया। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विशेष रुप से कलाकारों का अभिनय एवं इनकी वेश-भूषा ने दर्शकों का मन मोह लिया/ तालियों की गड़गड़ाहट से दर्शकों ने कलाकारों का सम्मान किया एवं उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी दिनों से एकल की टीम मेहनत कर रही थी। इसमें विशेष रूप से जयश्री गोयल विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी समिति सदस्य, विमल जालान संरक्षक, राजेश मित्तल अध्यक्ष, सुनील बागरोदिया कार्यकारी अध्यक्ष, माहेश्वरी दुबे उपाध्यक्ष, अभिषेक गर्ग सचिव, संजय केडिया संयुक्त सचिव, सुभाष मुनका अंचल प्रभारी, नीलम केडिया अध्यक्ष महिला विभाग, ममता बाकरेवाल सचिव महिला जितेंद्र अग्रवाल उपाध्यक्ष एवं कमल गुप्ता विशेष आमंत्रित कार्यसमिति सदस्य एवं ललित मोहन केडिया विशेष आमंत्रित कार्यसमिति सदस्य का योगदान रहा।

## JAYANTI SAROVAR में हजारों की संख्या में मछलियों के मरने का मामला गरमाया

# जिला मत्स्य पदाधिकारी का बयान संतोषजनक नहीं, सही ढंग से मामले की जांच होनी चाहिए : विधायक सरयू राय

PHOTON NEWS JAMSHEDPUIR

जमशेदपुर जुबिली पार्क स्थित जयंती सरोवर में हजारों की संख्या में मछलियों शुक्रवार को मरी मिली थीं। अब इसके जांच की मांग उठने लगी है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू रॉय ने को मत्स्य पालन विभाग झारखंड सरकार के निदेशक को इस तालाब में हजारों की संख्या में मछलियों के मरने की सूचना दी है। इसके बाद तय हुआ है कि पूर्वी सिंहभूम जिला मत्स्य पदाधिकारी इस बारे में जाँच करेंगी और आवश्यक कारवाई करेंगी। विधायक सरयू रॉय ने कहा कि समाचार पत्रों में जिला मत्स्य पदाधिकारी का वक्तव्य छपा है, यह वक्तव्य संतोषजनक नहीं है।

एक सामान्य अवलोकन के आधार पर जिला मत्स्य पदाधिकरी के वक्तव्य में वही चीजे शामिल हैं जो एक सामान्य व्यक्ति अपने अनुमान में निष्कर्ष निकाल सकता है। केवल इतना कहना कि तालाब में ऑक्सीजन की कमी हो गयी, तालाब में मछलियों की संख्या बहुतायत हो गयी और तालाब के पानी का तापमान बढ़ गया इसलिए मछलियाँ मर गयीं, यह पर्याप्त नहीं है।



जयंती सरोवर से निकाली गयी मरी हुई मछलियां। ● द फोटोन न्यूज

विधायक सरयूरॉय ने कहा कि निदेशक मत्स्य पालन विभाग झारखंड सरकार से बात किया और उनसे कहा कि इस तालाब के किनारे प्रतिदिन सुबह सैकड़ों लोग सैर करने आते हैं इसलिए तालाब के पानी में ऐसी अशुद्धियाँ आना जिसके कारण सैकड़ों मछलियों का मर जाने का प्रतिकुल प्रभाव जन स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है, इसलिए मछलियों के मरने की कारणों की गहन जाँच होनी चाहिए। इस बात से विधायक सरयू रॉय ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को भी अवगत कराया है और उनसे कहा है कि तालाब के जल का, मरी हुई मछली और जीवित मछली का, तालाब में यदि जलीय वनस्पतियां हैं तो उनका तथा तालाब की गाद का एक से अधिक नमूना लेकर इसे सरकार के प्रयोगशाला में जाँच करायी जाये।

विधायक सरयू रॉय ने कहा कि बहुत पहले जुस्को प्रबंधन को सलाह दिया था कि वे टाटा जू का विस्तार तालाब के आगे तक कर दें तथा तालाब को एक जल भंडार के नाते सुरक्षित रखें। तालाब के जल को शुद्ध रखें, तालाब के पानी, तालाब की गाद, मरी हुई एवं जीवित मछलियों तथा तालाब के जलीय वनस्पतियों की सरकार जाँच कराये ताकि यह पता चले कि जयंती सरोवर के जल में अशुद्धियों की साम्यता कितनी है। इस सरोवर में जमशेदपुर के किन किन इलाकों से पानी बहकर आता है क्या कोई ऐसा नाला भी है जो स्टील फैक्ट्री के अंदर से निकल रहा है। इन नालों से प्रवाहित जल का जयंती सरोवर पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी सभी बातों की जाँच होनी चाहिए और इस जांच का उद्देश्य किसी को दोषी ठहराना एवं आरोप लगाना नहीं होना चाहिए। इस जांच का उद्देश्य जयंती सरोवर को एक शुद्ध जल भंडर के रूप में विकसित करना, इनका उपयोग वोटिंग एवं अन्य जलीय क्रीड़ा के रूप में विकसित करना तथा जमशेदपुर वासियों के लिए स्वास्थ्य एवं आनंदमय वातावरण तैयार करना होना चाहिए।

## BRIEF NEWS

### उलीडीह में तलाकशुदा महिला की गला रेत कर हत्या

JAMSHEDPUIR : मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र के शंकोसाई रोड नंबर 1 में एक महिला नागी लकड़ा की हत्या कर दी गई है। महिला तलाकशुदा थी। पुलिस की माने तो हत्या धारदार हथियार से गला रेत कर की गई। हत्यारे ने महिला के पेट पर भी वार किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर उलीडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उलीडीह थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि महिला की हत्या कर शव उसके घर के पास फेंक दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन महिला के प्रेमी पर शक जताते हुए गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। हांलाकि की पुलिस ने अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

### मानगो हयात नगर में आधी रात को चली गोली, कोई हताहत नहीं, पुलिस कर रही जांच

JAMSHEDPUIR : उलीडीह थाना क्षेत्र के हयात नगर डिमना बस्ती में चाय दुकानदार मोहम्मद नौशाद के घर गोली चली है। मामला शनिवार की रात 12.30 बजे का है। मिली जानकारी के अनुार मोहम्मद नौशाद साकची में चाय की दुकान चलाता हैं। दुकान से डिमना बस्ती स्थित अपने घर पहुंचने के बाद उसकी मां नूरजहां ने उसे खाना दिया जिसे लेकर वह ऊपर चला गया तभी गोली की आवास सुनाई दी। लेकिन रात को यह लोग नहीं समझ पाए, नूरजहां ने बताया कि वो रात करीब 2:30 बजे उठीं तो देखा खिड़की का शीशा टूटा हुआ है और बाहर खोखा पड़ा हुआ था। इसके बाद घटना सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से खोखा बरामद किया गया है। साथी ही मामले की जांच कर रही है। नूरजहां ने बताया कि इसके पहले भी उनका 25 हजार रुपया और मोबाइल चोरी हो गया था। एक बार उनके गले से चेन छिनताई हुई थी। अब गोली चली है। पुलिस पता लगाए की घटनाओं को कौन अंजाम दे रहा है। हालांकि परिवार वालों का कहना है कि उनकी किसी से ऐसी दुश्मनी नहीं है कि गोली चले। लेकिन इसके बाद भी अगर यह घटना घटी है तो जरूर कोई कारण होगा, जिसका पता पुलिस लगाएगी।

### गोलमुरी पुलिस ने महिला से छिनतई कर भाग रहे युवक को पकड़ा



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUIR : गोलमुरी थाना अंतर्गत टिनप्लेट के पास 17 जून की शाम महिला सुमन देवी का बैग छीन कर भाग रहे युवकों को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा। घटना के बाद महिला द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने युवकों को खदेड़ कर धर दबोचा। पुलिस ने महिला का बैग बरामद कर लिया है। तीनों युवक मोटरसाइकिल में सवार थे। घटना घटित होने के 3 घंटे के अंदर पुलिस को सफलता मिली और अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि तीनों युवक करण मुंडा, कृष्णा पात्रो और राकेश भुइयां परसुडीह के रहने वाले हैं। रविवार को गोलमुरी थाना प्रभारी राजीव रंजन ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि नामदाबस्ती काली मंदिर के पास बदमाशों की बाइक स्किट कर गई थी। तभी वह बाइक छोड़कर भागने लगे, जिनका पीछा करते हुए पहले एक और फिर उसकी निशानदेही पर अन्य दो साथी भी पकड़ लिए गए। रविवार को तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप में कोर्ट ने खारिज की संतोष साहू सहित अन्य की जमानत याचिका

JAMSHEDPUIR : द टिस्को फ्रेंड्स को आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के पूर्व प्रबंधकारिणी अध्यक्ष संतोष साहू, मनीषा बिल्डर के मालिक अशोक कुमार सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष आबिद अली की अग्रिम अर्जी जमानत शनिवार को जिला जज कोर्ट से खारिज हो गया है। यह जानकारी द टिस्को फ्रेंड्स को आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के वाइस चेयरमेन मो. सलाउद्दीन ने दिया। उन्होंने बताया कि सोसाइटी की वर्तमान प्रबंध कारिणी द्वारा समिति में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले तथा समिति के भवन को अवैध रुप से कब्जा करने की शिकायत निबंधक सहयोग समितियां, रांची से की गई थी। निबंधक के आदेश पर पिछले दिनों तीन सदस्यीय टीम ने पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंप दिया है। रिपोर्ट में पूर्व प्रबंधकारिणी अध्यक्ष संतोष साहू, मनीषा बिल्डर के मालिक अशोक कुमार सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष आबिद अली को दोषी पाया। फिर निबंधक के आदेश पर उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ बिष्टुपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

### चौबीस घंटे में चोरी का माल बरामद होने पर पीड़ित परिवार ने उलीडीह थाना प्रभारी को किया सम्मानित

JAMSHEDPUIR : बीते दिन मानगो राजेंद्र नगर के भगवान नगर में रहने वाले शंभू कुमार झा के घर में चोरों ने रात को घर में प्रवेश कर एलसीडी टीवी, म्यूजिक सिस्टम, बैटरी चलित स्कूटी, के साथ-साथ घरेलू उपकरण चोरी करके ले गए थे । शंभू कुमार झा ने मामला की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दिया था । सूचना मिलते ही अहले सुबह भाजपा नेता विकास सिंह शंभू कुमार झा के घर जाकर चोरी की घटना की निंदा करते हुए मामले की जानकारी जिला प्रशासन के साथ-साथ उलीडीह थाना को देते हुए कहा था कि 24 घंटे के अंदर अगर चोरी का माल बरामद नहीं हुआ तो डुगडुगी बजाकर थाना के समीप हल्ला बोल का कार्यक्रम किया जाएगा । लेकिन जिला प्रशासन ने कड़ी मशक्कत करके मात्र 24 घंटे में ही चोरी का सारा सामान बरामद करके चमत्कार करने का काम किया सामान के बरामद होने के बाद शंभू कुमार झा के पत्नी के आंखों में खुशी के आंसू आ गए उन्होंने सबसे पहले भाजपा नेता विकास सिंह को मिठाई और फूल का गुलदस्ता देकर धन्यवाद दिया। विकास सिंह ने शंभू कुमार झा को बताया कि गुलदस्ता और धन्यवाद के असली हकदार उलीडीह थाना के प्रभारी सोनू कुमार हैं शंभू कुमार झा की पत्नी के साथ पूरा परिवार विकास सिंह के सामने थाना प्रभारी को गुलदस्ता देते हुए चोरी चोरी में गए सामान को बरामद करने के लिए बहुत धन्यवाद दिया। थाने में उपस्थित भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा अच्छे कार्य करने वाले को प्रोत्साहित करने से उनका मनोबल बढ़ने के साथ-साथ समाज में एक अच्छा संदेश जाता है इसी के साथ आज हम सभी ने थानेदार को अच्छा काम करने के लिए सम्मानित किया । मौके में राम कुमार कुशवाहा, मनोज ओझा, महेंद्र कालिंदी, राजा सिंह उपस्थित थे ।

### अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का 31 वां स्थापना दिवस 20 जून को

JAMSHEDPUIR : अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का 31 वां स्थापना दिवस 20 जून को समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अन्तरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की केंद्रीय अनुषंगिक इकाई 'मैथिली साहित्यकार मंच' तथा अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, जमशेदपुर जिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में एग्रिको स्थित सुमन मेमोरियल ट्रस्ट में आयोजित की जाएगी। इसमें मैथिली पुस्तक का लोकार्पण, कवि सम्मेलन एवं संगठन विस्तार पर विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में मैथिली साहित्यकार मंच के महासचिव डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की स्थापना 20 जून 1993 ईस्वी में रांची के मैकन में हुई थी। वर्तमान में इस परिषद की आठ अनुषंगिक इकाई एवं देश-विदेश में इसकी 71 शाखाएं व जिला इकाई स्थापित हैं।

# अस्तित्व का संविधान है योग

योग भारत का प्राचीन विज्ञान है। दर्शन भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस महापर्व की तैयारियां उल्लासधर्मा हैं। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन होने जा रहे हैं। भारत के योग विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को है। मोदी के प्रयास से 177 देशों ने योग की पक्षधरता की। भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र-तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग है। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरुपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जान संन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसके बीज सूत्र ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर ह्यमोहनजोदड़ो ऐंड द इंडस सिविलाइजेशनह्य पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। किताब में योग के बारे में लिखा है, 'शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।' मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज योग से परिचित थे। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, 'जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिर प्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, 'आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, 'आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, 'आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। माना जाता है कि वे पुष्यमित्र शुंग के परामर्शदाता थे। पतंजलि ने पाणिनि के व्याकरण पर महाभाष्य लिखा था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। सांसारिक भोग सुख नहीं देते। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का मजेदार विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया - योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। बाइबिल में भी योग के संकेत हैं। बाइबिल (मैथ्यू 5.3) में कहते हैं, 'वे धन्य हैं जो मन के दीन हैं। स्वर्ग का राज्य उनका है।' एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, 'हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।' सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, 'यथाभिमतध्याना द्वा - जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, 'क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, 'समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।' योग सिद्धि में समय नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

# क्यों सारी दुनिया करने लगी अब योग

ANALYSIS



✍ आर.के. सिन्हा

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण को वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। बहुत साफ है कि भारत की प्राचीन और समृद्ध परपराओं से पोषित योग ने अब वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की एक ऐसी पद्धति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है, जो न सिर्फ तन और मन के संतुलन तक सीमित है; बल्कि , इस पद्धति में आधुनिक जीवनशैली से उपजे तनाव से पार पाने, असाध्य रोगों से बचाव और दुनिया को स्वस्थ और बेहतर जीवन के माध्यम से एकजुट करने की शक्ति भी निहित है। इसी विशेषता को परिभाषित करती है इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ध्येय वाक्य या थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग। योग की यही शक्ति है जिसने कोरोना महामारी के दौरान और फिर बाद में भी समग्र स्वास्थ्य की तलाश में त्रस्त दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कोरोना काल से ही दुनिया ने योग करने के लाभ जान लिए। दुनिया को समझ आ गया कि योग करके वे अपने को सदा सेहतमंद रख सकते हैं।**

आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को कुछ ही दिन शेष बचे हैं और नई दिल्ली से न्यूयार्क और पंजाब से लेकर पेरिस तक संसार भर में इस खास दिन को मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चे-बच्चियों में तो उत्साह देखते ही बनता है। वैसे, अब तो योग दिवस का सारी दुनिया इंतजार करती है। इसे वर्ल्ड योगा डे भी कहा जाता है। पहली बार यह 21 जून 2015 को मनाया गया था। इसकी नींव भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग से संबंधित एक प्रभावशाली भाषण के साथ रखी गई थी। उसी के बाद इसे 21 पर जून इसे वर्ल्ड योगा डे घोषित किया गया था।

बहरहाल, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण को वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। बहुत साफ है कि भारत की प्राचीन और समृद्ध परपराओं से पोषित योग ने अब वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की एक ऐसी पद्धति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है, जो न सिर्फ तन और मन के संतुलन तक सीमित है; बल्कि , इस पद्धति में आधुनिक जीवनशैली से उपजे तनाव से पार पाने, असाध्य रोगों से बचाव और दुनिया को स्वस्थ और बेहतर जीवन के माध्यम से एकजुट करने की शक्ति भी निहित है। इसी विशेषता को परिभाषित करती है इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ध्येय वाक्य या थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग। योग की यही शक्ति है जिसने कोरोना महामारी के दौरान और फिर बाद में भी समग्र स्वास्थ्य की तलाश में त्रस्त दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कोरोना काल से ही दुनिया ने योग करने के लाभ जान लिए। दुनिया को समझ



आ गया कि योग करके वे अपने को सदा सेहतमंद रख सकते हैं।

दरअसल वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों वाली महासभा के 173 सहप्रायोजक देशों की सर्वसम्मति से 2015 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में शुरू हुई यात्रा अब एक ऐसे मुकाम पर है, जहां योग का लोक कल्याणकारी रूप सबने देख लिया है। योग समग्र स्वास्थ्य और वेलनेस की सदियों से परखी गई और आधुनिक शोध अध्ययनों पर खरी उतरी स्वास्थ्य पद्धति के रूप में जाना जा रहा है। नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की यात्रा अब पूरी दुनिया में स्वीकार्यता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण में सारी दुनिया की भागीदारी रहने वाली है। इसके लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ ही अन्य सभी मंत्रालय संयुक्त प्रयास के तहत एक साथ काम कर रहे हैं। योग का महत्व असामान्य परिस्थितियों में शरीर और मन के बीच संतुलन साध कर रखने में भी है। योग के इसी महत्व को लोगों के बीच पहुंचाने के लिये इस बार ध्रुवीय क्षेत्रों में स्थापित स्टेशनों में भी 21 जून को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। इस प्रयास को आर्कटिक से अंटार्कटिक तक योग का नाम दिया गया है। इसी तरह योग का अभ्यास भारत भारतीय नौसेना बेस, तट रक्षक स्टेशनों के साथ-साथ मित्र देशों के बंदरगाहों और समुद्री जहाजों पर भी योग किया जाएगा। जरा याद करें कोरोना महामारी के दिनों को। तब दुनिया यह सोचने पर भी विवश हो गई थी सिर्फ रोग के उपचार तक सीमित नहीं रहा जा सकता हैं। इससे आगे जाकर रोग से बचाव करना होगा और स्वयं को इतना सक्षम बनाना होगा कि रोग शरीर को छू तक न सके। आपाधापी और तनाव भरे माहौल में मन की स्थिरता भी उतनी ही जरूरी है जितनी कि सामाजिक और आर्थिक भारत की थाती और शताब्दियों की समृद्ध परंपरा को वहन करने वाले योग में इन समस्याओं से पार पाने की शक्ति है और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के तहत किए गए चार हजार से अधिक शोध इस बात की पुष्टि भी कर रहे हैं। योग अनुसंधान को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के बुनियादी विज्ञान और उसके उच्च मानकों से एकीकृत करने की कार्यनीति परियोजना के तहत देश के नए पुराने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। इस कार्यनीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण नई दिल्ली स्थित एम्स में स्थापित सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव मेडिसिन ऐंड रिसर्च है। इसके तहत योग से विभिन्न बीमारियों के एकीकृत उपचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए गए हैं। इसी तरह योग को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में शामिल किया जा रहा है। एम्स के ड़ॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र संस्थान के प्रो. तरुण दादा अपने सभी रोगियों को कहते हैं कि वे दवा के साथ रोज एक घंटे तक योग करें। योग करने से उनका स्वास्थ्य तुरंत बेहतर होने लगेगा। इसके साथ ही देश विदेश के विश्वविद्यालयों एंव चिकित्सा संस्थानों में योग विभाग स्थापित किए जा रहे है। यहां यह बताना भी उचित होगा कि पिछले पांच सालों मे ही विश्वभर में योग स्कूलों और योग स्टूडियों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। अमेरिका कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन की टॉप 10 सूची में योग सातवें नंबर पर है। योग की एक और शक्ति है जिसका अधिकतम लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। योग की यह शक्ति है किसी भी कार्य को अधिकतम कुशलता, तल्लीनता और दक्षता के साथ अंजाम देने की क्षमता में वृद्धि। जीवन के किसी भी कार्यक्षेत्र में योग की इस शक्ति को अंगीकार कर किसान से लेकर प्रोफेसर तक कार्पोरेट से लेकर अन्य कोई भी व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों को अधिक कुशलता से अंजाम दे सकता है। इस दिशा में आयुष मंत्रालय 'सबके लिए योगह्व परियोजना पर भी काम कर रहा है। पांच साल की इस परियोजना का उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों तक योग की पहुंच बनाना है। इसके लिए आयुष मंत्रालय अन्य सभी मंत्रालयों का सहयोग भी ले रहा है। योगासन को एक खेल के रूप में भी स्वीकार किए जाने से इस परियोजना को बल मिला है। भारत इस समय जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और शंघाई सहयोग संगठन ( सीसीओ) के देशों का वर्ष 2023 के लिए अध्यक्ष भी है। साफ है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों की उपस्थिति भारत में है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन और भी महत्वपूर्ण हो गया है। योग की परिवर्तनकारी और दुनिया को एक सूत्र में पिरोने की उसकी शक्ति को अगर महसूस करने का कोई समय है तो वह यही है। कुछ कट्टरवादी मुसलमान योग में ओंकार के उपयोग और सूर्य नमस्कार को लेकर विरोध भी कर रहे है, लेकिन ; उन्हें क्या पता कि बाबा रामदेव के योग को अपनाकर हजारों मुसलमान असाध्य रोगों से सदा के लिये छुटकारा पा चुके हैं।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# वीरोचित भाव जगाए मातृशक्ति

वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मन-मस्तिष्क में रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवनकाल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उन्हें अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया। वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रूप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया। और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की। जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं। सन् 1850 मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया। 27 फरवरी 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी और झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी। यह सूचना पाते ही रानी के मुख से यह वाक्य प्रस्फुटित हो गया, मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। यहीं से भारत की प्रथम स्वाधीनता क्रांति का बीज प्रस्फुटित हुआ। रानी लक्ष्मीबाई ने सात दिन तक वीरतापूर्वक झांसी की सुरक्षा की और अपनी छोटी-सी सशस्त्र सेना से अंग्रेजों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया। रानी ने खुलेरूप से शत्रु का सामना किया और युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया। वे अकेले ही अपनी पीठ के पीछे दामोदर राव को कसकर घोड़े पर सवार हो, अंग्रेजों से युद्ध करती रहीं। बहुत दिन तक युद्ध का क्रम इस प्रकार चलना असंभव था। सरदारों का आग्रह मानकर रानी ने कालपी प्रस्थान किया। वहां जाकर वे शांत नहीं बैठीं। उन्होंने नाना साहब और उनके योग्य सेनापति तात्या टोपे से संपर्क स्थापित किया और विचार-विमर्श किया। रानी की वीरता और साहस का लोहा अंग्रेज मान गए, लेकिन उन्होंने रानी का पीछा किया। रानी का घोड़ा बुरी तरह घायल हो गया और अंत में वीरगति को प्राप्त हुआ, लेकिन रानी ने साहस नहीं छोड़ा और शौर्य का प्रदर्शन किया। कालपी में महारानी और तात्या टोपे ने योजना बनाई और अंत में नाना साहब, शाहगढ़ के राजा, वानपुर के राजा मर्दनसिंह आदि सभी ने रानी का साथ दिया। रानी ने ग्वालियर पर आक्रमण किया और वहां के किले पर अधिकार कर लिया। विजयोल्लास का उत्सव कई दिनों तक चलता रहा लेकिन रानी इसके विरुद्ध थीं। यह समय विजय का नहीं था, अपनी शक्ति को सुसंगठित कर अगला कदम बढ़ाने का था। इधर जनरल स्मिथ और मेजर रूल्स अपनी सेना के साथ संपूर्ण शक्ति से रानी का पीछा करते रहे और आखिरकार वह दिन भी आ गया जब उसने ग्वालियर का किला घमासान युद्ध करके अपने कब्जे में ले लिया। रानी लक्ष्मीबाई इस युद्ध में भी अपनी कुशलता का परिचय देती रहीं। 18 जून, 1858 को ग्वालियर का अंतिम युद्ध हुआ और रानी ने अपनी सेना का कुशल नेतृत्व किया। वे घायल हो गईं और अंततः उन्होंने वीरगति प्राप्त की। रानी लक्ष्मीबाई ने स्वातंत्र्य युद्ध में अपने जीवन की अंतिम आहुति देकर जनता जनार्दन को चेतना प्रदान की और राष्ट्रीय रक्षा के लिए बलिदान का संदेश दिया।

## Social Media Corner

सच के हक में...



विगत 9 वर्षों में मोदी सरकार अंत्योदय व गरीब कल्याण के मंत्र पर चल गरीबों की सेवा और वंचितों का सम्मान सुनिश्चित कर देश में सम-विकास कर रही है। मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों के कारण गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठा है और वे सशक्त हो रहे हैं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



पुलिस ने दाहू को पकड़ने का मॉक ड्रिल फिर शुरू किया है। मुख्यमंत्री जी मेरे ट्वीट पर बहुत नजर रखते हैं। जब मैं दाहू के आतंक की चर्चा करता हूं तो पुलिस को आदेश हो जाता है कि खोजबीन का नाटक करो। लेकिन होना क्या है? कुछ नहीं। यह आततायी राज्य की पुलिस के हाथ नहीं आएगा, केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो इसे पकड़ सकती हैं। मुख्यमंत्री जी मेरे अन्य ट्वीट्स और पत्रवीर बोलकर मेरी चिट्ठियों का उपहास उड़ाने के बदले इतना गंभीरता दिखाते तो न ही राज्य इतनी बदहाल स्थिति में पंहुचता और न ही आपकी ऐसी दुर्गति और थू-थू होती।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# मोतीलाल : स्वाभाविक अभिनय के पहले मोती

हिंदी सिनेमा के इतिहास में नैसर्गिक अभिनय यानी स्वाभाविक अभिनय के लिए सबसे पहले याद किए जाने वाले अभिनेता मोतीलाल हैं। इसके बाद की कड़ी में अशोक कुमार, बलराज साहनी और संजीव कुमार के नाम लिए जाते हैं। मोतीलाल की विशेष पहचान फेल्ट हैट, भड़कीले कपड़े,चमचमाते जूते, मस्त चाल-ढाल, शाही अंदाज, नफासत से भरे हाव-भाव आदि थे। मोतीलाल ने अस्सी से अधिक फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शुरू में नायक और फिर चरित्र अभिनेता के रूप में उनकी यादगार फिल्में हैं- अनाड़ी, पैगाम, लीडर,परख और जागते रहो। चार दिसंबर, 1910 को शिमला में जन्मे मोतीलाल का परिवार दिल्ली का रहने वाला था। वह एक साल के थे, जब उनके पिता का निधन हो गया। उनके पिता शिक्षा विभाग में थे। उनका पालन-पोषण उनके चाचा ने किया । उनकी प्रारंभिक शिक्षा शिमला, उत्तर प्रदेश और आगे की पढ़ाई दिल्ली में हुई। अपनी जवानी के दिनों में वे नेवी में नौकरी करने के इरादे से बंबई आए, लेकिन ठीक परीक्षा के दिन बीमार हो गए और परीक्षा नहीं दे पाए। इसी दौरान एक दिन वे सज-धज कर शूटिंग देखने सागर स्टूडियो जा पहुंचे। वहां निर्देशक काली प्रसाद घोष किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। युवा मोतीलाल को देखकर वे चौंक गए, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म के लिए ऐसे ही हीरो की तलाश थी। इस तरह बिल्कुल फिल्मी अंदाज में वे सागर मूवीटोन की फिल्म शहर का बाबू (1934) के हीरो चुन लिए गए। उनकी नायिका थी सवितादेवी। सागर मूवीटोन उस समय का प्रसिद्ध स्टूडियो था। वहां सुरेंद्र, बिब्बो,याकूब, जद्दनबाई, कुमार जैसे श्रेष्ठ कलाकार महबूब खान, सर्वोत्तम बादामी और चिमन लाल लोहार जैसे निर्देशक और केसी डे, प्राणसुख नायक तथा अनिल विश्वास जैसे संगीतकार काम करते थे। तब तक फिल्मों में पार्श्व गायन की शुरूआत नहीं हुई थी। इसलिए यहां मोतीलाल को अपने गाने खुद गाने पड़े थे।साल 1937 में सागर मूवीटोन छोड़ने से पहले उन्होंने वहां के लिए दस फिल्में कीं और संवाद बोलने के स्वाभाविक ढंग, साफ सुंदर कॉमेडी से दर्शकों के बीच अपनी शानदार पहचान बनाई। सन 1937 में उन्होंने चंदूलाल शाह के रणजीत स्टूडियो में काम करना आरंभ किया। यहां उनकी कई फिल्में शादी, (1941) परदेसी, अरमान ससुराल और मूर्ति आदि बेहद सफल रहीं। बॉम्बे टॉकीज की तर्ज पर रणजीत ने 1940 में फिल्म अछूत बनाई थी जिसमें मोतीलाल के साथ गौहर नायिका थीं । पहली नजर (1945) में मोती लाल के लिए गायक मुकेश ने पार्श्व गायन किया- जब दिल ही टूट गया तो...। मुकेश उनके चचेरे भाई थे। संगीतकार अनिल विश्वास के इस गीत ने मुकेश को नई पहचान दी। मोतीलाल के अभिनय में कॉमेडी का भी पुट रहता था । इसके लिए उनकी फिल्म मिस्टर संपत (1952) की मिसाल दी जा सकती है, जिसे दक्षिण भारत के जैमिनी स्टूडियो ने बनाया था। आरके नारायण के उपन्यास पर आधारित इस फिल्म के निर्देशक थे एसएस वासन। 1950 के बाद वे चरित्र अभिनेता के रूप में आने लगे थे। 1950 में उन्होंने बिमल रॉय की देवदास में दिलीप कुमार के दोस्त चुन्नी बाबू का यादगार रोल किया था। इसके बाद जागते रहो (1956) और परख (1960) के रोल भी चर्चित रहे। परख के लिए उन्हें फिल्म फेयर का सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता का अवार्ड भी प्रदान किया गया। अभिनेत्री नूतन और तनूजा की मां, जानी-मानी अभिनेत्री शोभना समर्थ के साथ उनके नजदीकी रिश्ते थे । बाद में उन्होंने राजवंश प्रोडक्शन की स्थापना कर एक फिल्म छोटी-छोटी बातें (1965) बनाई जिसके लेखक, निमार्ता, निर्देशक और नायक वे स्वयं ही थे। इस फिल्म को बनाते-बनाते उनकी सारी जमा पूंजी खत्म हो गई। वे दिवालिया होकर बीमार पड़ गए और 17 जून 1965 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



राज्य में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराए जाने की बात कोई नई नहीं है। पिछले कई दशक से यह मुद्दा बना हुआ है। शिक्षकों के संगठनों की ओर से कई बार विरोध जताया जा चुका है। विरोध के पक्ष में यह तर्क दिए जाते रहे कि गैर शैक्षिणिक कार्य में लगे रहने के कारण शिक्षकों को अपने मूल कार्य अध्यापन के लिए समय की कमी हो जाती है। वे दूसरे कार्यों में ही उलझे रह जाते हैं। इसका सीधा असर बच्चों के पठन-पाठन पर पड़ता है। इसके बाद सरकार के स्तर से आदेश भी जारी किए गए जिसमें कहा गया कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लिए जाएं। हालांकि इस आदेश में सख्ती से ज्यादा लचीलापन था। इसका असर यह रहा कि फिर वहीं हाल हो गया। शिक्षकों को अन्य कार्यों में बार-बार लगाया जाता रहा। पढ़ाई बाधित होती रही। एक बार फिर उम्मीद जगी है कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं कराया जाएगा। यह उम्मीद मुख्यमंत्री की उस बैठक से जगी है जो उन्होंने मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, विभिन्न विभागों के सचिव और उपायुक्तों के साथ की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को पठन-पाठन के अलावा और कोई भी कार्य में नहीं लगाए जाए। राज्य के शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करें। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सिर्फ और सिर्फ पठन-पाठन के अलावा और कोई कार्य में नहीं लगाया जाए। इस निमित्त विभाग एक नियमावली तैयार करें।

**रूना मिश्रा शुक्ला, अधिवक्ता, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चैम्पियन बन इतिहास रचा

## 41 साल में भारतीय जोड़ी बनी विजेता

**मुंबई। (एजेंसी)।** जकार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। दोनों ने मिलकर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराकर सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी है। बीते 41 वर्षों में खिताब जीतने वाली ये पहली भारतीय जोड़ी है।

बता दें कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता और एशियाई चैम्पियन भारतीय जोड़ी को इस कड़े मुकाबले को जीतने में 43 मिनट का समय लगा। बता दें कि मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 7 बार हारने के बाद सात्विक और चिराग को पहली जीत मिली है। आरोन चिया और सोह वुई यिक की जोड़ी को हराया भारतीय टीम के लिए बेहद खास है क्योंकि ये जोड़ी पुरुष डबल्स की वर्ल्ड चैंपियन है। जानकारी के मुताबिक इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी फाइनल में जगह बनाकर भी इतिहास रच चुकी थी। वर्ष 2022 में विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली इस जोड़ी से पहले कोई जोड़ी सुपर 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना सकी थी। फाइनल में जगह बनाने के लिए दोनों ने दक्षिण कोरिया के मिन ह्यूक कांग और सेउंग जे सियो को मात दी थी।

### दोनों ने किया कमाल

गौरतलब है कि सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मिलकर पहली बार कोई कमाल नहीं किया है। इससे पहले भी दोनों भारत का नाम रौशन कर चुके है। सात्विक और चिराग इससे पहले सुपर 100, सुपर 300, सुपर 500 और सुपर 750 का भी खिताब जीत चुके हैं। सभी सुपर खिताब जीतने वाले यह भारत की पहली जोड़ी भी है। पुरुष सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत ने 2017 में खिताब को अपने नाम किया था।




# तीरंदाजी विश्व कप : अभिषेक ने व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता स्वर्ण




**मेडेलिन (एजेंसी)।** भारत के अभिषेक वर्मा ने अमेरिका के जेम्स लुट्ज को हराकर तीरंदाजी विश्व कप की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। भिषेक ने चरण तीन की पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में ये स्वर्ण पदक जीता। 33 साल के वर्मा ने फाइनल में अमेरिका के लुट्ज को 148-146 से हराया। अभिषेक शुरुआती दो चरण से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले रोमांचक व्यक्तिगत फाइनल में विश्व के नंबर एक तीरंदाज और शीर्ष वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के माइक क्लोसेर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अंतिम चार के मुकाबले में ब्राजील के लुकास अब्रेयू को हराकर फाइनल में जगह बनायी थी।

अभिषेक का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक है। यह साल 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है। इससे पहले उन्होंने अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पोलैंड के रॉक्लॉ में साल 2015 में जीता था। अभिषेक ने इससे पहले विश्व कप के व्यक्तिगत वर्ग में दो रजत और एक कांस्य पदक भी जीता है। वहीं भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

# पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा को है भारत-पाक मैच का इंतजार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा को भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच देखने का इंतजार है। हाल में भारतीय टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के दूसरे सीजन में फाइनल तक का सफर तय किया। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के सामने रोहित शर्मा एंड कंपनी की शक्तियां फेल नजर आईं। अब टीम इस आईसीसी टूर्नामेंट के नए सीजन की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट से करेगी। उससे पहले भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईसीसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व दिग्गज पर भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज देखने की धुन सवार हो चुकी है। दरअसल, संबंधों में खटास के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच कई सालों से द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो रही हैं। हालांकि, दोनों टीमें वनडे वर्ल्ड कप और टी20 वर्ल्ड कप में आमने-सामने देखने को मिलती हैं। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने राय दी है कि आईसीसी टूर्नामेंट होने के नाते वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी भारत-पाक के बीच मुकाबले होने चाहिए। पूर्व दिग्गज ने समझाया कि यदि दोनों टीमों के बीट टेस्ट चैंपियनशिप में क्लैश होगा तो फैंस भी इस टूर्नामेंट को अधिक तबज्जो देंगे।

आकाश चोपड़ा ने यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए कहा, 'आप सभी टीमों के खिलाफ नहीं खेलते हैं। लेकिन यह डब्ल्यूटीसी है, यह एक आईसीसी इवेंट है। अब 4 साल हो गए हैं क्या आप भारत बनाम पाकिस्तान के बिना आईसीसी इवेंट की कल्पना कर सकते हैं? यह कभी नहीं हो सकता। यह हमेशा शुरुआत में होता है।' उन्होंने आगे कहा, 'क्या डब्ल्यूटीसी एक आईसीसी इवेंट नहीं है? यह एक आईसीसी गदा है, वे फाइनल की मेजबानी करते हैं। इसलिए चक्र में होने वाले सभी मैच आईसीसी के दायरे में होने चाहिए।

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं

## विराट,पजारा और रहाणे टीम में बने रहेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप (डब्ल्यूटीसी) में हार के बाद भी भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ियों को एक और अवसर मिल सकता है। पहले माना जा रहा था कि इस हार के बाद अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहे अनुभवी खिलाड़ियों को बाहर कर उनकी जगह पर युवाओं को रखा जाएगा पर अब ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। अब वेस्टइंडीज के खिलाफ भी रोहित, विराट, पुजारा जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम में रहेंगे। वहीं युवाओं को धीरे-धीरे टीम में जगह मिलेगी। दोनों देशों के बीच अभी दो टेस्ट मैच खेले जाने हैं। पहले कहा जा रहा था कि इस टेस्ट सीरीज में युवा यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ को अवसर मिल सकता है पर अब कहा जा रहा है कि बीसीसीआई टीम में बदलाव तो करेगी पर ये एकदम से न होकर चरणबद्ध तरीके से होगा।. टीम में बदलाव के दौरान चयनकर्ता पुरानी गलती को दोहराना नहीं चाहते। गौरतब है कि साल 2012-14 के दौरान भारतीय क्रिकेट के चार प्रमुख खिलाड़ियों राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर ने कुछ ही समय के अंदर संन्यास ले लिया था। इसके बाद दोबारा भारतीय टेस्ट टीम को तैयार करने में काफी समय लग गया था क्योंकि तब इनके बैकअप पहले से तैयार नहीं थे। इसीलिए इस इसी पुरानी गलती से सबक लेते हुए इस बार बीसीसीआई और चयनकर्ताओं ने सभी दिग्गजों का पहले बैकअप तैयार करने का फैसला लिया है। इसके तहत अगले दो साल में चरणबद्ध तरीके से टीम में युवा शामिल किया जाएंगे और अनुभवी खिलाड़ी बाहर होंगे।




इससे में आ रही रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज दौरे पर भारतीय टीम में बड़ा बदलाव नहीं होने जा रहा और विराट कोहली, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा वेस्टइंडीज जाएंगे। वहीं अजिंक्य रहाणे भी इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे पर इस सीरीज के बाद धीरे-धीरे भारतीय टीम में बदलाव शुरू होगा। चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024 के आखिर में होने वाली बॉर्डर गावस्कर सीरीज तक ऐसी मजबूत टीम तैयार करना चाहते हैं, जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण हो। इसी वजह से अगली कुछ टेस्ट सीरीज में रोहित, विराट जैसे दिग्गज खेलते नजर आ सकते हैं.

# 32 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया पाकिस्तानी गेंदबाज वकार यूनुस का बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। तीन ओडीआई मैचों में पांच-पांच विकेट लेने का रिकार्ड बनाने वाले गेंदबाज वकार यूनुस का मुकाबला अभी तक कोई भी नहीं कर पाया है। हालांकि वनडे क्रिकेट में एक पारी में पांच विकेट हासिल करना ही बड़ी उपलब्धि माना जाता है। ऐसे में यकीन करना मुश्किल है कि कोई गेंदबाज लगातार तीन ओडीआई मैचों में 5-5 विकेट लेने का कारनामा कर चुका है। पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने 1990 में यह रिकॉर्ड बनाया था और 32 साल बाद भी इसे तोड़ा नहीं जा सका है। उम्मीद कम ही है कि यह रिकॉर्ड कभी टूट पाएगा। वकार ने जब यह रिकॉर्ड बनाया तो वे अपनी गेंदबाजी के शिखर पर थे। 4 नवंबर और 6 नवंबर 1990 को न्यूजीलैंड (5/11 और 5/16 )और 9 नवंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच (5/52) में उन्होंने 5 विकेट लिए थे। इन तीनों ही मैचों में पाकिस्तान ने जीत हासिल की थी। 4 नवंबर को खेले गए मैच में वकार की गेंदबाजी के आगे कीवी टीम 37.4 ओवर में 127 बनाकर ही ढेर हो गई थी। वकार ने मैच में डेविड व्हाइट, मार्टिन क्रो, केन रदरफोर्ड, दीपक पटेल और डैनी मॉरिसन को पवेलियन लौटाया था। जवाब में सईद अनवर के 67 और रमीज राजा के नाबाद 50 रन की मदद से पाकिस्तान ने टारगेट 29.1 ओवर में दो विकेट खोकर पा लिया था। 6 नवंबर के मैच में पाकिस्तान ने पहले बैटिंग कर रमीज राजा के शतक और सलीम मलिक के नाबाद 65 रन की मदद से निर्धारित 40 ओवर्स में दो विकेट पर 223 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड टीम 25 ओवर मे 118 रन पर ही ढेर हो गई थी। वकार ने इस मैच में दीपक पटेल, ग्रांट ब्रेडबर्न, मार्क प्रीस्ट, क्रिस प्रिंगल और विली वाटसन को आउट किया था। 9 नवंबर को खेले गए मैच में वकार की गेंदबाजी के कहर का सामना वेस्टइंडीज के बैटर्स ने किया था।

# अंतिम सत्र में कमजोर प्रदर्शन से इंग्लैंड को नुकसान हुआ : हुसैन



बर्मिंघम । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन के अनुसार शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन उनकी टीम का प्रदर्शन अंति सत्र में कमजोर रहा। आखिरी सत्र में इंग्लैंड थोड़ा सुस्त था। इसी कारण ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा ने शतक और एलेक्स केरी के अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को संभाल लिया। हुसैन ने कहा, इस पिच ने स्पिन करना शुरू कर दिया था, मुझे लगा कि स्पिनर मोईन अली ने अच्छी गेंदबाजी की, पर फिर मुझे लगा कि वे उस आखिरी सत्र में थोड़े सुस्त थे। हुसैन ने कहा कि अंतिम सत्र में हमने स्टंपिंग के अवसर गंवाने के साथ ही कैच छोड़ दिये। इसी से हमें नुकसान हुआ। साथ ही कहा कि इस टीम के बहुत से लोगों ने बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली है। यह केवल एक कौशल-आधारित चीज नहीं है, यह फिटनेस है। यह आखिरी सत्र में दिखेगा।

उन्होंने साथ ही कहा कि दूसरा दिन बल्लेबाजों के पक्ष में रहा है। इससे इंग्लैंड को विकेट लेने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हुसैन ने कहा, दूसरा दिन, एजबेस्टन में आमतौर पर बल्लेबाजी के लिए अच्छा दिन होता है। यह धीमी, उबड़-खाबड़ पिच है, जिस पर उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसमें डेविड वॉर्नर, मारनस लाबुस्चगने और स्टीव स्मिथ के शुरुआती विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 67 रनों पर ही तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और ट्रैविस हेड ने टीम को संभाला। इंग्लैंड की ओर से स्टुअर्ट ब्रॉड सबसे अच्छे गेंदबाज थे जिन्होंने 2 विकेट लिए। अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए, मोईन ने भी दो विकेट लिए जबकि कप्तान बेन स्टोक्स को एक विकेट मिला।

# साक्षी के आरोप निराधार , धरने के लिए मैंने नहीं कहा : बबीता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन की प्रमुख सदस्य रहीमहिला पहलवान साक्षी मलिक और पहलवान से राजनेता बनी बबीता फोगाट अब आमने-सामने आ गयी हैं। साक्षी ने गत दिवस अपने पति सत्यव्रत कादियान के साथ ही सोशल मीडिया में एक वीडियो साझा करते हुए कहा था कि ब्रजभूषण के खिलाफ धरने के लिए उनसे बबीता फोगाट और भाजपा के ही एक नेता तीर्थ राणा ने कहा था और इन दोनो ने ही जंतर-मंतर पर धरने के लिए अनुमति भी दिलायी थी।

वहीं अब साक्षी के इस वीडियो को लेकर बबीता ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, कि साक्षी ने जो भी बातें कहीं हैं व गलत हैं वह धरने की अनुमति का जो कागज दिखा रही थी उस पर कहीं भी मेरे हस्ताक्षर नहीं हैं और न ही ऐसी कोई बात है जिससे कि ये कहा जाये कि यह सब मेरी सहमति से हो रहा था। वास्तविकता तो ये है कि इस धरने से मेरा कोई संबंध नहीं है।



बबीता ने अपने ट्वीट में लिखा, बहन हो सकता है आप बादाम के आटे की रोटी खाते हों पर गेहूं की तो मैं ओर मेरे देश की जनता भी खाती ही है, सब समझते हैं। देश की जनता समझ चुकी है कि आप कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बन गयी हो। अब समय आ गया है कि आपको आपकी वास्तविक मंशा बता देनी चाहिए क्योंकि अब जनता आपसे सवाल पूछ रही है।

इससे बाद साक्षी ने भी जवाब दिया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, वीडियो में हमने तीरथ और बबीता पर निशाना साधा था कि कैसे वे अपने स्वार्थ के लिए पहलवानों को उपयोग करना चाह रहे थे और कैसे पहलवानों पर जब मुसीबत आई तो अलग हट कर सरकार की गोद में बैठ गए।

# श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

भुवनेश्वर । भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मुरली ने राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर में अपने पहले ही प्रयास में 8.41 मीटर के प्रयास के साथ ही विश्व चैंपियनशिप के लिए प्रवेश हासिल किया। श्रीशंकर हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी नहीं कर पाये। वह इसमें एक सेंटीमीटर पीछे रह गये। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। श्रीशंकर का यह अब निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। केरल की ओर से खेलने वाले श्रीशंकर ने स्पर्धा के बाद कहा, 'हवा मापदंड के अनुसार थी, यह 1.5 मीटर प्रति सेकेंड थी। इसी कारण मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड नहीं बना पाया। एल्ड्रिन ने 7.83 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.71 मीटर की दूरी के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 12 खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि पुरुष लंबी कूद में विश्व चैंपियनशिप का क्वालीफाइंग स्तर 8.25 मीटर है। वहीं महिला लंबी कूद क्वालीफिकेशन में केरल की ऐंसी सोजन ने 6.49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ एशियाई खेलों का 6.45 मीटर का क्वालीफाइंग स्तर हासिल किया। केरल की ही नयना जेम्स ने 6.31 मीटर के साथ दूसरा जबकि उत्तर प्रदेश की शैली सिंह (6.27 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। गोला फेंक में एशियाई रिकॉर्ड धारक तेजिंदरपाल सिंह तूर 18.91 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष पर रहे लेकिन वह एशियाई खेलों का 19 मीटर का क्वालीफाइंग स्तर हासिल नहीं कर पाए। पुरुष भाला फेंक में तीन खिलाड़ियों ने 78.23 मीटर का एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग स्तर हासिल किया। ओडिशा के किशोर कुमार जेना 79.96 मीटर की दूरी के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे।



# मेजर लीग में भाग लेंगी छह टीमें, टेक्सास सुपर किंग्स ने घोषित किया अपना दल

**टेक्सास(एजेंसी)।** अमेरिका में होने वाली मेजर लीग टी20 क्रिकेट चैम्पियनशिप में छह टीमें भाग लेंगी। इनमें से एक टेक्सास सुपर किंग्स ने पूरी तैयारी करने के साथ ही अपने दल की घोषणा भी कर दी है। टेक्सास चेन्नई सुपर किंग्स प्रबंधन की टीम है। इसमें सीएसके के कई खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। गौरतलब है कि मेजर लीग क्रिकेट फ्रैंचाइजी सर्किट पर नई लीग है और ये अमेरिका में खेल को लोकप्रिय बढ़ाने के लिए काम कर रही है। 13 से 30 जून के बीच होने वाले पहले सत्र में छह टीमें दो स्टेडियम टेक्सास में ग्रैंड प्रेरी और उत्तरी कैरोलिना में चर्च स्ट्रीट पार्क में खेलेंगी।

### पहले सत्र में भाग लेने वाली छह टीमें इस प्रकार हैं

लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, एमआई न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स, सिएटल ओरकास,टेक्सास सुपर किंग्स और वाशिंगटन फ्रीडम। इसमें आधी टीमें आईपीएल की फ्रेंचाइजियों की हैं जिनके कई खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। खास बात यह है कि आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से नहीं खेल पाए क्रिकेटर भी इस लीग में खेलते दिखेंगे। अभी तक सभी खिलाड़ियों के नामों की घोषणा नहीं की गई है, क्योंकि आने वाले हफ्तों में कुछ और करार होने हैं। सभी पक्षों के लिए घरेलू खिलाड़ियों की घोषणा हो गयी है। टेक्सास सुपर किंग्स ने अभी तक अपने किसी विदेशी खिलाड़ की घोषणा नहीं की है, लेकिन उनकी टीम में नौ घरेलू खिलाड़ी होंगे। प्रत्येक टीम में एक वाइल्डकार्ड खिलाड़ी भी होगा, जो विदेशी खिलाड़ी नहीं हो सकता है। कुल में कुल 15 सदस्यों की अनुमति होती है जिसमें 9 से अधिक विदेशी खिलाड़ी नहीं हो सकते।




### टेक्सास सुपर किंग्स टीम

विदेशी खिलाड़ी: टीबीसी

घरेलू खिलाड़ी: रस्टी थेरॉन, केल्विन सैवेज, लाहिरू मिलंथा, मिलिंद कुमार, सामी असलम, कैमरन स्टीवेन्सन, कोडी चेट्टी, जिया शहजाद, सैतेजा मुक्कमल्ला।

वाइल्डकार्ड: टीबीसी।

# एलपीजीए क्लासिक में अदिति संयुक्त छठे स्थान पर रहीं

बेलमोंट )। भारत की शीर्ष महिला गोल्फर अदिति अशोक मेजर एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त दूसरे स्थान पर रही हैं। अदिति दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से छठे स्थान पर पहुंचीं। अदिति ने शुरुआती दौर में चार अंडर का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर नौ अंडर पहुंच गया। तालिका में शीर्ष पर बरकरार जापान की अयाका फुरे से अदिति दो शॉट पीछे रहीं। अयाका ने का कुल स्कोर 11 अंडर है। जापानी खिलाड़ी ने दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला था।

# सबसे अमीर क्रिकेटरों में शामिल हैं गांगुली, 700 करोड़ है कुल नेटवर्थ

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली ने खेल के मैदान के साथ ही बाहर भी छाये रहे हैं। गांगुली भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों में से एक रहे हैं। खेल से संन्यास के बाद वह बंगाल क्रिकेट और उसके बाद बीसीसआई अध्यक्ष रहे।

क्रिकेटर रहते गांगुली ने जमकर दौलत और शोहरत हासिल की पर खेल को अलविदा कहने के बाद भी उनकी दौलत में कमी नहीं आई बल्कि और बढ़ती चली गई है। यही कारण है कि सौरव भारत के सबसे अमीर क्रिकेटरों में से एक माने जाते हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो उनकी कुल नेटवर्थ करीब 700 करोड़ की है।

गांगुली शुरुआत से ही धनी परिवार से आये हैं। उनके पिता का प्रिंटिंग का बहुत बड़ा कारोबार था और उनकी कंपनी एशिया की शीर्ष तीन कंपनी में से थी। ऐसे में गांगुली के अंदर भी कारोबारी गुर थे। यही कारण है कि उन्होंने क्रिकेट के साथ-साथ कई जगहों पर अपने पैसों को निवेश किया। गांगुली ने का सबसे पुराना बिजनस रेस्तरां का था। उन्होंने साल 2004 में सौरव्स नाम से एक रेस्त्रां चेन की शुरुआत की थी। शुरू में गांगुली का यह बिजनस चल पड़ा था हालांकि साल 2011 के आते-आते यह बंद हो गया।

इसके अलावा सौरव गांगुली 10 से भी अधिक नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड के एम्बेसडर हैं, जिससे की उनकी करोड़ों में कमाई होती है। उन्होंने कई स्टार्टअप में भी निवेश किया है। गांगुली आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हैं। वहां से भी मोटी कमाई करते हैं। इसके अलावा वह क्रिकेट कमेंट्री भी करते हैं। गांगुली ने क्रिकेट के अलावा फुटबॉल लीग इंडियन सुपर लीग में भी निवेश किया है। आईएसएल फुटबॉल में गांगुली एटलेटिको डी कोलकाता टीम के सहमालिक भी हैं।



# गोल के अवसर बनाने के साथ ही डिफेंस बेहतर करना होगा : हरमनप्रीत


नई दिल्ली । भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि हमें मैच के दौरान गोल के अवसर बनाने के साथ ही अपने डिफेंस को भी बेहतर करना होगा। हरमनप्रीत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 के यूरोपीय चरण में मिले-जुले परिणामों को देखते हुए ये बातें कहीं हैं। यूरोप दौरे पर भारतीय टीम को बेल्जियम के खिलाफ एक मैच में जीत जबकि और एक में हार का सामना करना पड़ा। वहीं इंग्लैंड दौरे में टीम को एक हार और एक जीत मिली। अर्जेंटीना के खिलाफ हरमनप्रीत की टीम ने दोनों मैच जीते, जबकि नीदरलैंड के विरुद्ध उसे दो मैचों में हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के लंदन और नीदरलैंड के आइंडहोवन में मिले अनुभवों के आधार पर हरमनप्रीत ने कहा कि कुल मिलाकर हमारा दौरा ठीक-ठाक रहा। बड़ी टीमों के खिलाफ खेलना हमेशा से ही विदेशी धरती पर खेलना कठिन होता है। साथ ही कहा कि हम चारों में अपेक्षा के अनुरुप रहे। उन्होंने कहा कि यूरोप के मैचों से हमें कई चीजें सीखने को मिलीं। हमने टचलाइन के पास से कई गोल होने दिए। इसमें सुधार करने की जरूरत है। इसके अलावा हमें डी में अपने बनाए हुए अवसरों का भी बेहतर तरीके से इस्तेमाल करना होगा।

# प्रोजेक्ट के में खलनायक के रूप में नजर आएंगे कमल हासन



उलगानायगन कमल हासन अपनी पिछली फिल्म विक्रम की सफलता पर सवार हैं, जिसने 2022 में बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई थी। पाठकों को हमने पहले बताया था कि कमल हासन निर्देशक नाग अश्विन की साई-फाई फिल्म प्रोजेक्ट के में खलनायक की भूमिका अभिनीत करने के लिए क्रू मेंबर्स से बातचीत कर रहे हैं। अब बताया जा रहा है कि उन्होंने प्रोजेक्ट के को अपनी तारीखें दे दी हैं। नाग अश्विन की इस फिल्म में प्रभास दीपिका पादुकोण की जोड़ी नजर आएगी। साथ ही इसमें अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। लगभग 35 साल बाद अमिताभ और कमल हासन एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। आखिरी बार वे गिरफ्तार में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ रजनीकांत भी थे। कमल हासन पिछले कुछ महीनों से निर्देशक शंकर की इंडियन 2 की शूटिंग कर रहे हैं। अब, कमल हासन अपनी अगली बड़े बजट की फिल्म पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कमल हासन प्रोजेक्ट के में खलनायक के रूप में नजर आएंगे यह आधिकारिक है। उन्होंने फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग के लिए अगस्त में लगभग 20 दिन आवंटित किए हैं। निर्माताओं ने अभी आधिकारिक तौर पर बड़े कास्टिंग तख्ता पलट की घोषणा नहीं की है। बताया जा रहा है कि कमल हासन ने इस किरदार को अभिनीत करने के लिए निर्माताओं से 150 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक लिया है। हालांकि अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। निर्देशक नाग अश्विन की प्रोजेक्ट के भारतीय फिल्म उद्योग की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। बताया जा रहा है कि इस पर लगभग 600 करोड़ का दांव लगा हुआ है। स्प्ध-स्त्रद्ध फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी मुख्य भूमिकाओं में हैं। और कमल हासन के साथ अब कलाकार और बड़े और बेहतर हो गए हैं। यह फिल्म 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 600 करोड़ रुपये के बजट में बन रही है। इस फिल्म को दो भागों में प्रदर्शित किया जाएगा। संगीतकार संतोष नारायणन, सिनेमैटोग्राफर जोर्डजे स्टोजिल्जकोविक और संपादक कोटागिरी वेंकटेश्वर राव का है।

# कृति ने शेयर किया सीता बनने का एक्सपीरिएंस



फिल्म आदिपुरुष में सीता का रोल निभा रही कृति सेनन ने मीडिया से मां सीता के कैरेक्टर के लिए तैयार होने और किरदार में अच्छी तरह उतरने का अपना एक्सपीरिएंस शेयर किया है। कृति ने बताया कि फिल्म के लिए उन्होंने लंबी वर्कशॉप की और डायरेक्टर ओम राउत के साथ बैठकर घंटों बातचीत भी की। कृति ने बताया- रामायण से रिलेटेड जो भी मटेरियल मौजूद था ओम राउत ने लगभग सब कुछ पढ़ रखा था। इस प्रोजेक्ट को लेकर उनका विजन पूरी तरह

मुश्किल था ही, लेकिन इससे कहीं ज्यादा मुश्किल था उनके

आगे कहा- मां सीता की जर्नी, उनकी मन में चल रही उधेड़बुन को समझना और स्क्रीन पर उसे दर्शाना आसान नहीं था। मुझे उनके मन की कठिनाई और चुनौतियों को समझने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी और इसमें समय भी लगा। उनके कैरेक्टर की हर छोटी बात पर बारीकी से ध्यान देना होता था, ताकि सत्रीन पर हर छोटी चीज उभर कर दिखे। इस प्रोसेस में बहुत समय लगा, घंटों बैठना होता था, लुक और कपड़ों के साथ बार-बार रिहर्सल किए। कृति ने ये भी बताया कि उन पर फिल्म में मां सीता के कैरेक्टर को सही तरीके से निभा पाने का बहुत प्रेशर था। उन्होंने कहा- मां सीता को हजारों लोग पूजते हैं। ऐसे में इस रोल को निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी। मेरे मन में हर वक्त ये चलता रहता था कि मैं इस रोल के

कैरेक्टर से जुड़ी हर बात- उनका मन, उनका दिल, उनका प्यार, उनकी ताकत, राम के प्रति उनकी श्रद्धा और विश्वास हर इमोशन को मैंने समझने में टाइम दिया। हां, मां सीता को इतने करीब से समझ पाने का ये सफर

आदिपुरुष रिलीज गई है। फिल्म के डायरेक्टर ओम राउत हैं।

# तमन्ना ने शो जी करदा में दिया शानदार परफॉर्मेंस



तमन्ना हिंदी और साउथ दोनों ही इंडस्ट्री में काम करती हैं। उन्होंने कई साल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में बिताए हैं और इन सालों में कई कैरेक्टर्स दर्शकों को दिए हैं। इतना ही नहीं मनोरंजन के हर पहलू से ऑडियंस को रूबरू कराया है। और उनके वर्कफ्रंट की बात करें तो अब एक्ट्रेस अपने कैरियर के सबसे बेस्ट फेज से गुज़र रहीं हैं। तमन्ना भाटिया प्रतिभा की प्रत्यक्ष मूर्ति हैं। तमन्ना ने पूर्व में कई सारें ऐसे किरदार निभाये हैं, जिसने उन्हें वर्सटाइल एक्ट्रेस का टैग दिया है। उनकी हालिया सीरीज़ जी करदा अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है और बहुत ही कम समय में शो को लाखों में व्यूज मिल रहे हैं। फैंस जिन्होंने शो को देखा है वह इंटरनेट पर इसकी खूब तारीफ कर रहे हैं। वहीं क्रिटिक्स को भी इसकी कहानी का ट्रीटमेंट काफी पसंद आया है। जी करदा है में तमन्ना ने अपने कम्फर्ट ज़ोन से आगे बढ़कर शो को लीड किया है। यह पहली बार नहीं है जब तमन्ना ने ओटीटी पर काम किया है। बल्कि उन्होंने बबली बाउंसर और प्लान ए प्लान बी जैसे कई कॉन्टेंट ऑडियंस के समक्ष परोसे हैं। तमन्ना अपने फैंस को केवल जी करदा है से ही नहीं बल्कि नेटफ्लिक्स पर बहुत

# अक्षय कुमार को भाई मानते हैं बी प्राक

अक्सर अभिनेता अक्षय कुमार के साथ काम करते दिखने वाले पंजाबी सिंगर बी प्राक ने हाल ही में अक्की पाजी के बारे में बात की है। सिंगर का मानना है कि अक्षय को वह एक भाई के रूप में देखते हैं। अभिनेता ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी थी, जिसे वह अपने जीवन के हर पड़ाव पर जहन में रखना चाहते हैं। एक इंटरव्यू में, बी प्राक ने स्वीकार किया कि वह बड़े पर्दे पर अक्षय कुमार की आवाज हैं और फिल्म केसरी के गीत तेरी मिट्टी में उन्हें गाने का मौका देने के लिए भी अभिनेता को धन्यवाद कहना चाहते हैं।

### म्यूजिक वीडियो में काम करना चाहते थे अक्षय

एक इंटरव्यू में बी प्राक से अक्षय के साथ उनके संबंध के बारे में पूछा गया इसके जवाब में सिंगर ने कहा, जब उन्होंने पहली बार फिलहाल सुना तो उन्होंने कहा था कि यह अच्छा है। मैंने और मेरी टीम ने सोचा कि उन्हें यह पसंद नहीं आया। लेकिन कुछ समय बाद, उन्होंने कहा कि वह इस म्यूजिक वीडियो में अभिनय करना पसंद करेंगे, और हमें विश्वास नहीं हो रहा था। वह बहुत बड़े स्टार हैं... उन्होंने मुझे कई मौके दिए हैं।

### बी प्राक को अक्षय से मिला कॉम्पलिमेंट

अक्षय कुमार के साथ अपनी पहली बातचीत को याद करते हुए बी प्राक ने कहा, मैं यशराज में तेरी मिट्टी की शूटिंग कर रहा था और वहीं मैं उनसे मिला था। यह मेरे जीवन का बहुत बड़ा क्षण था, क्योंकि मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। यह बहुत बड़ी डील थी, क्योंकि केवल मैं ही जानता हूं कि मैंने यहां तक पहुंचने के लिए क्या किया है। उन्होंने कुछ नहीं कहा, वह बस आए और मेरे कंधे पर हाथ रख दिया। उन्होंने सिर्फ एक बात कही, कि मैंने उनके करियर का सबसे अच्छा गाना गाया है।


### अक्षय ने दी बी प्राक को सलाह

अक्षय संग फिलहाल और अपनी पहली मुलाकात को याद करने के बाद बी प्राक ने अभिनेता द्वारा दी गई एक सलाह के बारे में खुलासा किया। बी प्राक ने बताया कि अक्षय कुमार ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी थी, जिसे वह अभी भी मानते हैं। वह बोले, उन्होंने कहा, पैसा कमाओ बस। वो भी यही कर रहे हैं। बी प्राक ने कहा कि वह झूठ बोल रहे होते अगर उन्हें पैसे कमाने में मजा नहीं आता तो।






# ओजी के साथ साउथ में डेब्यू करेंगे इमरान हाशमी



बॉलीवुड फिल्मों में कई अभिनेत्रियों संग आशिकी फरमाने वाले इमरान हाशमी की छवि सीरियल किलर की है। अभिनेता ने पर्दे पर ज्यादातर प्यार भरे किरदार निभाए हैं। हालांकि, अब इमरान अपने किरदारों के साथ एक्सपैरिटमेंट कर रहे हैं। जहां पहले ही साफ हो चुका है कि इमरान हाशमी, सलमान खान स्टारर फिल्म टाइगर 3 में एक खलनायक की भूमिका में दिखाई देंगे, वहीं अब अभिनेता को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, खबर है कि इमरान हाशमी जल्द ही साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण की आगामी फिल्म ओजी में भी एक विलेन की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट लुक पोस्टर भी साझा किया है। पिछले काफी दिनों से फिल्मी दुनिया के गलियारों में बाजार गरम था कि इमरान हाशमी ने पवन कल्याण की फिल्म ओजी साइन की है। इस फिल्म में उनके खलनायक की भूमिका निभाने की खबरें थी, लेकिन इसको लेकर कोई भी पुष्टि नहीं की गई थी। हालांकि, आज मेकर्स ने फिल्म को लेकर एक अपडेट साझा किया, जिससे साफ हो गया है कि खबरें बिल्कुल सही थीं। दरअसल, मेकर्स ने इमरान हाशमी की एक कूल तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें बताया गया है कि वह ओजी में खलनायक के किरदार में दिखाई देंगे। एक शानदार कलाकार के रूप में पहचाने जाने वाले इमरान हाशमी अब पवन कल्याण की आगामी फिल्म, ओजी में खलनायक की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की खास बात यह भी है कि इमरान ओजी से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू भी करने जा रहे हैं। सुजीत द्वारा निर्देशित, फिल्म की घोषणा दिसंबर में की गई थी और जनवरी में इसकी शूटिंग शुरू की गई थी। निर्माताओं ने गुरुवार को ओजी से इमरान का पहला लुक रिलीज किया।

# मनीष पॉल ने चार महीनों में 10 किलो वजन बढ़ाया, फिर 15 किलो वजन कम किया

अपने कमिटमेंट और कड़ी मेहनत के एक प्रेरक उदाहरण में मनीष पॉल ने अपनी पहली वेब सीरीज रफूचक्कर के लिए आश्चर्यजनक फ़िज़िकल ट्रांसफ़ॉर्मेशन किया है। पूरे शो में पांच अलग-अलग लुक वाले एक ठग की भूमिका निभाने के लिए, मनीष को वजन बढ़ाने और घटाने के साथ-साथ अपने किरदार के लिए काफ़ी मेहनत करनी पड़ी। रफूचक्कर के हाल ही में लॉन्च किए गए ट्रेलर ने शो में मनीष पॉल के विभिन्न अवतारों की झलक पेश की, जहां एक लुक के लिए उन्हें एक मोटे पेट वाले, अधेड़ उम्र के व्यक्ति की तरह दिखने के लिए वजन बढ़ाने की आवश्यकता थी, वहीं एक और बेहद विपरीत लुक ने उन्हें एक बॉडी बिल्डर के रूप में चित्रित किया। हर लुक में सही से ढलने के लिए, मनीष ने चार महीनों में प्रभावी ढंग से वजन बढ़ाने और घटाने के लिए कठोर कसरत और डाइट का पालन किया। 10 किलो वजन बढ़ाने के लिए मनीष पॉल ने सभी बंदिशों को छोड़ दिया और दो महीने तक खाने पर जोर दिया। उसके बाद, न केवल वजन कम करने बल्कि मसल्स गेन और रिप्ड बॉडी बनाने में उनको ढाई महीने का समय लगा। मनीष पॉल ने कहा, मैं हमेशा से फिटनेस के प्रति उत्साही रहा हूं, हालांकि मैं जिम फीक नहीं हूं, लेकिन मैं स्वस्थ शरीर के लिए काम करता रहा हूं। लेकिन, रफूचक्कर ने मुझे शारीरिक परिवर्तन की एक रोलर कोस्टर सवारी पर डाल दिया। जैसे कि मैंने एक ठग की भूमिका निभाई है, मेरे पांच अलग-अलग रूप और अवतार हैं। पवन कुमार बावरिया के रूप में एक लुक के लिए अपने फिट-स्वस्थ शरीर को छोड़कर, मुझे एक साधारण मध्यम वर्ग और अधेड़ उम्र के आदमी की तरह दिखना था, जिसके लिए मैंने 10 किलोग्राम वजन बढ़ाया। एक और लुक के लिए, मुझे जिम ट्रेनर की भूमिका निभाने के लिए वजन कम करने के साथ-साथ मसल्स भी बढ़ानी थीं। चूंकि मैंने तभी हाल में ही जुगजग जीयो ख़त्म किया था, मेरे पास इन कठोर परिवर्तनों को करने के लिए मुश्किल से चार महीने थे। जबकि दुनिया मनीष पॉल को मजाकिया, सहज और विनोदी मेजबान और अभिनेता के रूप में जानती और प्यार करती है। वह अपनी पहली डिजिटल सीरीज़ रफूचक्कर में अपने अनदेखे और अद्भुत अवतार से सभी के होश उड़ाने के लिए तैयार है।



# मानुषी छिल्लर ने निखिल कामथ को डेट करने की अफवाह पर तोड़ी चुप्पी



मिस वर्ल्ड से बॉलीवुड एक्ट्रेस बनने तक का सफर तय करने वालीं मानुषी छिल्लर बीते लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। मानुषी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत अक्षय कुमार संग फिल्म सम्राट पृथ्वीराज से की थी। हालांकि, यह फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाई लेकिन मानुषी की एक्टिंग को दर्शकों के जरिए काफी सराहना मिली। फिल्मों से उलट मानुषी को लेकर बीते कई दिनों से यह दावा किया जा रहा है कि वह बिजनेसमैन निखिल कामथ के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि, इस बात में कितनी सच्चाई है इसका खुलासा अब खुद मानुषी ने करते हुए सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। मानुषी छिल्लर और निखिल कामथ के रिश्ते में होने की अफवाह ने तब तूल पकड़ा था, जब दोनों की ऋषिकेश से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। मानुषी-निखिल को लेकर दावा किया गया कि दोनों वर्ष 2021 से साथ हैं, और रिलेशनशिप में काफी सीरियस हैं। इतना ही नहीं मानुषी को लेकर यह तक कहा गया था कि वह इस समय अपना पूरा ध्यान करियर पर लगाना चाहती हैं, इसलिए वह रिश्ते को ऑफिशियल करने से बच रही हैं। हालांकि, अब इन सभी चर्चाओं पर खुद मानुषी ने चुप्पी तोड़ी है, और अपने बयान से हर किसी को दंग कर दिया है। सम्राट पृथ्वीराज की एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने कहा, मैं सिंगल हूं। मैं उन लोगों में से हूं कि अगर मैं प्यार में रहूंगी तो इसे खुलकर साझा करूंगी। एक्ट्रेस ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मुझे नहीं लगता कि मैं रिलेशनशिप में होने की बात को छिपाऊंगी। यह आपके जीवन का एक बहुत ही सामान्य हिस्सा है। हर कोई किसी न किसी को डेट करता है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसमें छिपाने वाली कोई बात है। मानुषी छिल्लर सफलता के रास्ते पर अपने कदम बढ़ा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में इस साल आयोजित कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया था। वह एक सफेद गाउन में रेड कार्पेट पर चलीं, जिसे देखकर हर कोई उनकी खूबसूरती का कायल हो गया।